तापमान

अधिकतम 36.1 डिग्री

न्यूनतम 21.4 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 6 मई 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




स्मार्ट सड़क पर पैदल चलने वालों के लिए बनाए गए फुटपाथ बना अवैध पार्किंग।


बवासीर का आधुनिक इलाज

अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं

मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है

स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा

गुप्ता हॉस्पिटल

डॉ. शुभम् गुप्ता

गुदा रोग विशेषज्ञ

संपर्क करें

7400009183


## अंकसूची में त्रुटि सुधार के 25 हजार मामले पेंडिंग, किसी की नौकरी अटकी तो कोई एडमिशन लेने से हो रहा वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करता नजर आ रहा है। बोर्ड हर साल हजारों अंकसूचियों में गलतियां करता है और उसका खामियाजा विद्यार्थी उठाते हैं। मंडल इन गलतियों को ठीक के लिए शुल्क वसूल रहा है। इससे प्रदेश भर के विद्यार्थियों से जहां बोर्ड को तो लाखों रुपए की कमाई हो रही है, लेकिन दूसरी ओर समय पर इन त्रुटियों में सुधार नहीं होने से किसी की सरकारी नौकरी अटकी पड़ी है तो कोई एडमिशन के लिए परेशान हो रहा है। देरी का आलम यह है कि 25 हजार से अधिक आवेदन पेंडिंग पड़े हैं छात्रों को महीनों इंतजार करना पड़ रहा है। उसमें भी बड़ी बात यह है कि माशिमं ने अपना संभागीय मुख्यालय तो बिलासपुर, रायपुर, सरगुजा और बस्तर में बनाया है, लेकिन अंकसूची में सुधार रायपुर मुख्यालय में ही होगा। इससे प्रदेश भर के स्कूली छात्रों के सामने इसके लिए रकम और समय खर्च कर रायपुर मुख्यालय के चक्कर काटने की मजबूरी है।

अलग खबर



- हर साल 5000 विद्यार्थियों की मार्कशीट में हो रही गलतियां, सुधारने के लिए 250 रुपए ले रहे
- माशिमं करता है मार्कशीट में गलती और खामियाजा भुगत रहे छात्र, चक्कर काटने की मजबूरी



गौरतलब है कि 10वीं व 12वीं की मार्कशीट में नाम, अंक में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कई बार त्रुटियां की जाती हैं। उसमें गड़बड़ी होने पर खामियाजा छात्रों को भुगतना पड़ता है। त्रुटि सुधार के लिए माशिमं को 250 रुपए ऑनलाइन पोर्टल पर फीस जमा करना पड़ती है। एक से डेढ़ माह बाद नई अंकसूची मिलती है। इसके बाद भी गलती हुई तो फिर वहीं प्रक्रिया विद्यार्थी को करनी होती है। माशिमं के मुताबिक ही हर साल प्रदेश भर में औसतन 5000 छात्रों की मार्कशीट में त्रुटि आ रही है। नाम, सरनेम में एक अक्षर गलत, अंकों में कुछ शब्द का हेरफेर होता है। जन्मतिथि या माता-पिता के नाम में भी गड़बड़ी का जिम्मेदार विद्यार्थियों को ही माना जाता है।

### तीन स्तर पर होती है जांच फिर भी गलती

ज्ञात हो कि बोर्ड का परीक्षा फॉर्म भरने से पहले तीन स्तर पर जांच होती है। इसमें छात्र-छात्राओं के नाम और सरनेम को प्रिंट में भेजने के पहले चेक किया जाता है। विद्यार्थी परीक्षा फॉर्म भरने के समय स्वयं जांचते हैं। फिर शिक्षक फॉर्म व विद्यार्थी का पूरा रिकॉर्ड चेक कर माध्यमिक शिक्षा मंडल भेजा जाता है। उसी के आधार पर मार्कशीट तैयार की जाती है। इस तरह गड़बड़ी के लिए छात्र या स्कूल प्रबंधन जिम्मेदार नहीं होता, लेकिन माशिमं के अफसर अपनी गलती नहीं मानते। इसके कारण छात्रों की परेशानी बढ़ जाती है।

### हर साल करीब 1500 आवेदन पेंडिंग हो रहे

माशिमं की संभागीय संगीता गंगोत्री ने बताया कि ने जिस किसी भी छात्र की अंकसूची में त्रुटि है, वह शपथ पत्र के साथ आवेदन कर सकता है। इसमें 10वीं की अंकसूची की सत्यापित कापी भी संलग्न करनी होगी। यहां से आवेदन को राज्य कार्यालय भेजा जाएगा, जहां से नई अंकसूची बनकर आएगी। रिजल्ट निकलने के दो महीने के भीतर आवेदन करने पर कोई शुल्क नहीं लगता। इसके बाद 250 रुपए आनलाइन शुल्क जमा करते हुए आवेदन किया जा सकता है। ज्ञात हो कि बोर्ड में हर साल करीब 5 हजार आवेदन अंकसूची में सुधार के लिए आते हैं। इसमें से 70 प्रतिशत केस का ही निपटारा हर साल हो पाता है। हर साल करीब 1500 आवेदन पेंडिंग हो जाते हैं। इनमें से कई आवेदन ऐसे सालों से लंबित है और परेशान छात्र चक्कर काट रहे हैं।

### बिलासपुर से लेकर बस्तर और सरगुजा के मामले

बोर्ड ने अंकसूची में सुधार के लिए समय सीमा तय की हुई है। जितना देरी से इसके लिए आवेदन होगा उतना अधिक शुल्क लगेगा। अधिकारियों के अनुसार बोर्ड में 20 साल पुराने मार्कशीट में सुधार करवाना है तो इसके लिए 2 हजार रुपए अतिरिक्त शुल्क देना होगा। खास बात है कि 4 महीने से माशिमं मुख्यालय से अंकसूचियों में सुधार और संशोधन का काम रुका पड़ा है। सैकड़ों आवेदन वापस भी किए जा चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार आवेदनों में ही खामियां थी, इसलिए सुधार संभव नहीं था। दूसरी ओर बोर्ड में त्रुटियों को ठीक कराने के लिए प्रदेश के सभी जिलों के छात्र परेशान हैं। बिलासपुर से लेकर बस्तर और सरगुजा तक के छात्रों के आवेदन पेंडिंग हैं।

### 250 रुपए देना पड़ेगा आनलाइन शुल्क

अंकसूची में सुधार का विद्यार्थी पर कोई भार नहीं पड़े इसलिए ही रिजल्ट जारी होने के 2 महीने के भीतर आवेदन करने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। इसके बाद के आवेदनों पर 250 रुपए आनलाइन शुल्क देना पड़ता है। जिस किसी भी छात्र की अंकसूची में त्रुटि है, वह शपथ पत्र के साथ आवेदन कर सकता है। इसमें 10वीं की अंकसूची की सत्यापित कापी भी संलग्न करनी होगी।

- **संगीता गंगोत्री,** संभागीय अधिकारी, माशिमं

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तिलकनगर में लाटरी आज

**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय तिलक नगर में कक्षा एलकेजी, 1,2,3, 6 एवं 7 में प्रवेश के लिए 6 मई को सुबह 10 बजे लाटरी निकाली जाएगी। इस संबंध में प्राचार्य ने संबंधित अभिभावकों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से इस अवसर पर उपस्थित होने का अनुरोध किया है। ताकि लाटरी निकालकर बच्चों को प्रवेश संबंधित क्लास में प्रवेश दिया जा सके।

### ऊंचे दाम पर दुकानें बिकीं तो विरोध होगा

दूसरी ओर जानकारी मिल रही है कि निगम ने तय किया है कि लीजधारी दुकानदारों को बस स्टैंड में बनाए जा रहे काम्प्लेक्स में ही रियायती दर पर दुकानें आबंटित होंगी। निगम की बैठक में इसका प्रस्ताव भी पास हो चुका है। निगम ने व्यापारियों की लिस्ट भी तैयार कर ली है, लेकिन रेट को लेकर अब तक कोई अंतिम फैसला नहीं हो सका है। इसके चलते यहां के व्यापारी परेशान हैं। व्यापारियों का कहना है कि निगम यदि सिटी कोतवाली की तर्ज पर ऊंचे दाम पर दुकानें बेचेगी तो इसका विरोध किया जाएगा। व्यापारियों ने रियायत दर दुकान उपलब्ध कराने की मांग की है। हालांकि निगम ने साफ किया है कि लीजधारी दुकानदारों से किसी प्रकार का प्रीमियम नहीं लिया जाएगा। इन लोगों से जमीन और कंस्ट्रक्शन की कीमत जरूर ली जाएगी। मालूम हो कि इमलीपारा रोड में 87 दुकानों को तोड़कर निगम जी प्लस वन कॉम्प्लेक्स बना रहा है।



काम्प्लेक्स तैयार पर नहीं मिल रही दुकानें, 87 व्यापारियों पर 14 करोड़ कर्ज

## नगर निगम भूल गया वादा, उजड़े इमलीपारा के व्यापारी कर्ज में दबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इमलीपारा रोड पर 10 करोड़ में बन रहा दो मंजिला काम्प्लेक्स लगभग बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन दुकान आबंटन की प्रक्रिया फाइलों में जैसे डंप हो गई है। जिन दुकानदारों को व्यवस्थान के नाम पर वहां से हटाया गया था और जिन्हें दुकानें आबंटित होने की बात निगम की ओर से कहीं गईं थीं वे साल भर बाद भी भटक रहे हैं। इन दुकानदारों पर 14 करोड़ रुपए का कर्जा है जिसे चुकाने के लिए मार्केट से पैसे लेने पड़ रहे हैं। इन दुकानदारों से सोमवार को कलेक्टर संजय अग्रवाल से मुलाकात कर अपनी पीड़ा बताई और जल्द दुकान आबंटन की मांग की है। इन दुकानदारों का कहना है कि पिछले 12 महीने से सभी का कारोबार छीन लिया गया है। सभी लोग वित्तीय समस्या से जूझ रहे हैं।

पुराने बस स्टैंड, इमलीपारा रोड (श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक) पर वर्षों से संचालित दुकानों को लगभग एक वर्ष पूर्व स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत ध्वस्त कर दिया गया था। इस तोड़फोड़ से प्रभावित दर्जनों दुकानदारों की परिवारों की रोजी-रोटी छिन गई और वे आज भी पुनर्वास की राह देख रहे हैं। ध्यान रहे कि नगर निगम ने इस संबंध में उच्च न्यायालय में एक शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया था, जिसमें कहा गया कि 8.96 करोड़ की लागत से एक नया व्यवसायिक परिसर इन्हीं प्रभावित दुकानदारों के पुनर्वास के लिए बनाया जा रहा है। सुनवाई के दौरान नगर निगम की ओर से यह मौखिक वादा भी किया गया था कि उक्त परिसर उन्हीं पुराने दुकानदारों को नाममात्र शुल्क पर आवंटित किया जाएगा।



■ कलेक्टर से मिलकर परिवारों ने बताई पीड़ा

### बताया जाए कि पुनर्वास कब और कैसे होगा

अब जबकि यह नया व्यवसायिक परिसर लगभग पूरी तरह से तैयार हो चुका है, वह दुकानदारों को आसानी से आवंटित किया जा सकता है, लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि नगर निगम की ओर से अब तक कोई ठोस प्रक्रिया, सूचना या दिशा-निर्देश इसके लिए जारी नहीं की गई है। इस देरी का परिणाम यह है कि दर्जनों परिवार गंभीर आर्थिक और मानसिक संकट में डूबे हुए हैं। रोजगार की कमी ने इन्हें बेरोजगारी, कर्ज और सामाजिक असुरक्षा की स्थिति में ला खड़ा किया है। दैनिक खर्च, बच्चों की शिक्षा और बुजुर्गों की देखभाल जैसे बुनियादी जरूरतों को पूरा करना भी अब इन परिवारों के लिए कठिन हो गया है। प्रभावित दुकानदारों का कहना है कि वे निगम की सभी शर्तें मानने को तैयार हैं, बस उन्हें यह बताया जाए कि पुनर्वास कब और कैसे होगा। इन दुकानदारों का कहना है कि कॉम्प्लेक्स हमारा ही है, हमारे ही नाम पर बना है फिर भी हमें उससे बाहर किया जा रहा है, यह गलत है।

### पीढ़ियों से कर रहे थे व्यापार

इमलीपारा से हटाए गए इन 87 दुकानदारों के सामने आर्थिक समस्या पिछले 12 महीने से है। दुकानदारों का कहना है कि यहां चार पीढ़ियों से वे दुकानदारी कर रहे थे। जो दुकानें निगम के द्वारा तोड़ दी गई है उस पर उन्होंने लोन लेकर रखा है। 87 दुकानदारों पर करीब 14 करोड़ रुपए का बैंक कर्ज है, जो इन्हीं दुकानों के दस्तावेजों को रखकर बैंक से लिया गया है। अब बैंकों ने सीसी लिमिट भी बंद कर दी और लाखों रुपए की किश्त का भार इन दुकानदारों पर आ गया है। दुकानदारों के मुताबिक निगम काम्प्लेक्स में जगह देने की बात कर रहा है लेकिन इसमें अभी समय लगेगा। ऐसे में इन छोटे व्यापारियों की दुकानें बंद ही रहेंगी।

## आईजी ने टीआई कलीम को दी डिमोशन की सजा

### महिला ने की थी शिकायत, विभागीय जांच में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आईजी ने महिला के साथ शारीरिक शोषण की शिकायत की जांच पर दोषी पाए जाने पर टीआई कलीम खान को एक साल के लिए डिमोशन की सजा देते हुए सब इंस्पेक्टर बना दिया।

टीआई कलीम खान जिले के शहर में चकरभाठा, सिविल लाइन, सिटी कोतवाली, तारबाहर व लंबे समय तक क्राइम ब्रांच के प्रभारी रहे हैं। इसी दौरान दिल्ली में एक जांच के दौरान एक आरोपी की पत्नी ने टीआई कलीम खान पर होटल सहित अन्य जगहों में बुलाने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक व आईजी को लिखित शिकायत की थीं। जानकारी होने पर उक्त मामला शहर में जमकर उछला था। पूर्व विधायक शैलेष पाण्डेय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डीजीपी से जांच कर कार्रवाई की मांग की थी। तत्कालीन आईजी ने एसपी को टीआई कलीम खान के खिलाफ विभागीय जांच का आदेश दिया गया था। कुछ समय बाद टीआई कलीम खान का बिलासपुर जिले से सरगुजा संभाग में तबादला कर दिया गया था।

आईजी डॉ. संजीव शुक्ला ने विभागीय जांच में दोषी पाए जाने पर टीआई कलीम खान को एक साल के लिए डिमोशन की सजा देते हुए एक स्टार उतारकर सब इंस्पेक्टर बना दिया।

### डिमोशन किया गया


महिला संबंधी शिकायत पर विभागीय जांच में दोषी पाए जाने पर टीआई कलीम खान को एक साल के लिए डिमोशन करते हुए एक स्टार उतारकर सब इंस्पेक्टर बनाया गया है।

- **डॉ. संजीव शुक्ला**
आईजी











## झमाझम बारिश से भीगा शहर कई इलाकों में ब्लैक आउट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मौसम विभाग की चेतावनी के बाद सोमवार की शाम एक बार फिर मौसम ने करवट बदली। जहां सुबह से ही खिली धूप रही और गर्मी से लोग हलाकान होते रहे, वहीं शाम 8 बजे के बाद नमी युक्त हवाएं चलने लगी और रात 9.30 के बाद शहर में झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। इस दौरान कई इलाकों में एक बार फिर पॉवर कट हो गया और पूरा इलाको अंधेरे में डूब गया।

सोमवार की रात काली घटाओं ने जमकर बारिश की, इस दौरान हवा का रूख भले ही नर्म था लेकिन बादलों के गरजने और बिजली चमकने के कारण बैशाख महीने में सावन-भादो की याद दिलाती रही। इस दौरान करीब एक घंटे तक अच्छी बारिश होती रही। बिजली चमकते ही 33 केवी लाइन ब्रेकडाउन हो गया। शहर के ज्यादातर इलाके में अंधेरा पसर गया, बिजली विभाग के द्वारा एक फीडर चालू किए गए लेकिन इसके बावजूद रात भर बिजली की आंख मिचौली जारी रही।

बताया जा रहा है कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते आएं दिन मौसम में उतार चढ़ाव जारी है। मौसम विभाग प्रदेश के 14 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी कर चुका है। आगामी दो दिनों के भीतर इस तरह की स्थिति बनी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### साहित्यकार शैलेन्द्र के काव्य संग्रह का लोकार्पण समारोह आज

**बिलासपुर।** वरिष्ठ साहित्यकार कवि शैलेन्द्र कुमार गुप्ता के काव्य संग्रह बचपन बड़ा सुहाना बाल गीत एवं होगी पूरी साधना मनहरण धनाक्षरी का लोकार्पण 6 मई को किया जा रहा है। इसके आयोजक छंदशाला बिलासपुर छत्तीसगढ़ ने बताया कि यह कार्यक्रम शाम 4 बजे से गौरव पथ शांति नगर स्थित नीलनिधि रेस्टोरेंट मधुरम स्वीट्स में होगा। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार बलदाऊ राम साहू, विशिष्ट अतिथि नवीन शासकीय महाविद्यालय सकरी के प्राध्यापक डा. फूलदास महंत होंगे। इसकी अध्यक्षता डा. सुनीता मिश्रा करेंगी। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकार अनिल तिवारी करेंगे।

### बच्चों के प्रवेश के लिए सेजेस डा. बीआर अंबेडकर स्कूल में लॉटरी आज

**बिलासपुर।** बच्चों के प्रवेश के लिए 6 मई को दोपहर 12.30 बजे सेजेस डा. बीआर अंबेडकर शाला में लाटरी निकाली जाएगी। इसमें प्रवेश लेने वाले बच्चों का चयन मेरिट पद्धति से विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया से की जाएगी। इसके लिए सेजेस बहुउद्देशीय उमाशाला दयालबंद की प्राचार्य चंदना पाल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष महेश चंद्रिकापुरे, पार्षद, वंदना चंद्रिकापुरे एवं शाला विकास समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम शाला के प्राचार्य गोपाल मिश्रा आदि मौजूद रहेंगे।

### पेट्रोलियम डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने की सुशांत से भेंट



**बिलासपुर।** बिलासपुर पेट्रोलियम डीलर्स वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने 5 मई को बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर सभी ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। साथ ही प्रदेश के पेट्रोलियम डीलरों की वर्षों पुरानी मांग फूड लाइसेंस की अनिवार्यता को समाप्त करने के निर्णय के लिए विधायक के प्रति धन्यवाद प्रकट किया। इस उपलब्धि को लेकर एसोसिएशन द्वारा धन्यवाद समारोह आयोजित करने का प्रस्ताव रखा गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला एवं गणमान्य अतिथि मौजूद थे। समारोह की तिथि निर्धारण के लिए आज एसोसिएशन के सदस्यों ने मुख्यमंत्री से समय मांगा। कार्यक्रम की तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। आज की इस बैठक में एसोसिएशन के संरक्षक किशन बुधिया, अध्यक्ष डॉ नवदीप सिंह अरोरा, सचिव राकेश अग्रवाल, अंकुर सिंह ठाकुर एवं हितेश सिंह मौजूद थे।

### ननि जोन 4 के अध्यक्ष पार्षद रजक ने की टंकी से पानी सप्लाई की मांग

**बिलासपुर।** वर्ष 2015 से इंदिरा कॉलोनी में निर्मित पानी टंकी से आज तक पानी सप्लाई नहीं हो रही है। इस संबंध में नगर निगम जोन 4 के अध्यक्ष एवं पार्षद गणेश रजक ने



नगर निगम तथा जिलाधीश का ध्यानाकर्षण कराया। पार्षद श्री रजक ने बताया कि आज से 10 वर्ष पूर्व निर्मित इंदिरा कॉलोनी स्थित जल आपूर्ति के लिए टंकी का निर्माण किया गया था। इस टंकी का अभी तक उपयोग प्रारंभ नहीं हुआ है जबकि इसका निर्माण पूर्ण हुए लगभग 6 वर्ष हो चुके हैं किंतु आज तक इस नवनिर्मित पानी टंकी से जल आपूर्ति प्रारंभ नहीं की जा सकी है। उन्होंने अनुरोध किया कि इस टंकी के शेष कार्य पूर्ण कर इसे यथा शीघ्र चालू कर इस क्षेत्र के लोगों को जलापूर्ति इस टंकी के माध्यम से शीघ्रता शीघ्र प्रारंभ की जाए। जिससे इस टंकी के प्रारंभ होने पर इस भीषण गर्मी में लोगों को पेयजल समस्या से राहत मिल सके। यह जानकारी पार्षद प्रतिनिधि आयुष मेहता ने दी।

### लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल की रीता अध्यक्ष, सुरभि सचिव, दीप्ति कोषाध्यक्ष



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल परिवार में 11 नए सदस्यों के साथ नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। 3 मई को आयोजित नॉमिनेशन कमेटी की बैठक में क्लब के रीजन चेयरपर्सन अरविंद दीक्षित एवं अर्चना तिवारी उपस्थित रहे। सबकी सहमति से रीता राजगीर को वर्ष 2024-25 के लिए प्रभारी अध्यक्ष बनाया गया। इसके साथ ही 2025 - 26 की नवीन कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। जिसमें संचालक मंडल की सर्वसम्मति से अध्यक्ष रीता राजगीर, सचिव डॉक्टर सुरभि राजगीर, कोषाध्यक्ष अधिवक्ता दीप्ति साहू को मनोनीत किया गया। क्लब के नए सदस्य कंचन दास, सुषमा सिंहा, निशा सक्सेना, ज्योति सिंगरौली ज्योति नामदेव, अर्चना गोस्वामी, नेहा गुप्ता, शोभा सक्सेना, खुशी सक्सेना, नेहा खरे, मंजू श्रीवास्तव, संगीता नेहा केनार सभी लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल के नए सदस्य बनाए गए। नए सदस्य को जुलाई में शपथ दिलाई जाएगी।

### लोखंडी में अखंड नवधा रामायण का समापन 10 को

**बिलासपुर।** अखंड नवधा रामायण समिति लोखंडी द्वारा ग्राम बिरतियापारा में 1 मई से अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। इसका समापन 10 मई को होगा। 11 मई



रविवार को कन्या भोज, ब्राहम्मण भोज, चढ़ोतरी, सहस्त्रधारा एवं विसर्जन होगा। इसमें आचार्य पं. महेश उपाध्याय हांफा वाले अपने मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को भक्तिरस का पान करा रहे हैं। इसमें प्रवचनकर्ता व्यासगण में भागवत प्रसाद गढ़ेवाल, नरेन्द्र गढ़ेवाल, भागीरथी निर्मलकर, गोविंद गढ़ेवाल, सुखदेव पटेल, रामकुमार पटेल, प्रहलाद पटेल हैं। इसमें मंच का संचालन हीरादास मानिकपुरी, रामसनेही पटेल, ननकू पटेल, उत्तराकुमार पटेल, गंगाराम पटेल, मालिकराम श्रीवास, जगदीश प्रसाद पटेल, रामसरदार पटेल, संतकुमार केंवट कर रहे हैं।

**मनमानी** — प्रमोशन आदेश में साफ लिखा है कि यह आदेश हाईकोर्ट के आदेश के अधीन रहेगा

# आदेश की धज्जियां, प्राचार्य पद की पदोन्नति पर 7 मई तक रोक, इसके बाद भी विभाग में लगातार ज्वाइनिंग दी जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हाईकोर्ट ने व्याख्याता से प्राचार्य पद की पदोन्नति पर 7 मई तक रोक लगाई है। इसके बाद भी कई जिलों में ज्वाइनिंग जारी है और इस तरह से शिक्षा अधिकारियों ने अपने ही सचिव के आदेश की धज्जियां उड़ा डाली।

दरअसल प्राचार्यों के प्रमोशन आदेश में स्पष्ट तौर पर उल्लेख किया गया था कि यह पदोन्नति हाईकोर्ट के आदेश के अधीन रहेगी। उसके बाद काउंसलिंग के जरिये डीपीआई पोस्टिंग करेंगे। मगर कई लेक्चरर चंद घंटे का भी इंतजार नहीं कर सके और प्राचार्य पद पर ज्वाईनिंग देकर पावती प्राप्त कर ली। ज्ञात हो कि 30 अप्रैल की शाम छह बजे प्रमोशन आदेश जारी हुआ था और अगले दिन 1 मई की दोपहर हाईकोर्ट ने इस पर न केवल रोक लगा दी



बल्कि प्रमोशन करने पर अवमानना नोटिस भी जारी कर दी। मगर व्याख्याताओं ने जिला शिक्षा अधिकारी से मिलकर तब तक ज्वाइनिंग दे दी थी। एक तरह से यह हाईकोर्ट की अवेहलना है। ध्यान रहे कि प्रमोशन आदेश में साफ लिखा था कि यह आदेश हाईकोर्ट के आदेश के अधीन रहेगा। इसके बाद भी डीईओ और व्याख्याताओं ने ज्वाइनिंग दे दी। ज्ञात हो कि राज्य कार्यालय से प्राचार्य प्रमोशन का 30 अप्रैल को आदेश जारी हुआ और आदेश में यह स्पष्ट रूप से उल्लेखित था कि प्राचार्य पद पर कार्यभार ग्रहण दिनांक से इन्हें प्राचार्य पद का वेतनमान प्रदाय किया जाएगा। साथ ही आदेश के अंत में इस बात का स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि उपरोक्त आदेश न्यायालय में लंबित याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अधीन रहेगा और उपरोक्त प्राचार्य की पदस्थापना काउंसलिंग के माध्यम से अलग से की जाएगी। यानी सामान्य भाषा में समझे तो इस आदेश का तात्पर्य सिर्फ इतना था कि इतने व्याख्याताओं का प्राचार्य पद पर प्रमोशन होगा और इस वरिष्ठता क्रम से होगा। क्योंकि न तो उन्हें तत्काल वेतनमान देने का प्रावधान आदेश में हैं न पदस्थापना देने का। एक मई को सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने पूरी प्रक्रिया पर ही रोक लगा दी। कोर्ट ने इस आदेश को जारी करने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को फटकार भी लगाई थी। इधर कई जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों और प्राचार्य ने उससे भी बड़ी गलती यह कर दी कि कुछ व्याख्याताओं को प्राचार्य पद पर कार्यभार ग्रहण करा दिया। यह ज्वाइनिंग सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रही है।

### सुनवाई 7 को

प्रमोशन मामले में पिछले सुनवाई में हाईकोर्ट ने आदेश जारी करने को लेकर फटकार लगाई थी और आदेश पर स्टे दिया दे दिया था। क्योंकि याचिकाकर्ताओं की तरफ से खड़े हुए वकीलों ने जजों को इस बात की जानकारी दी थी कि न्यायालय द्वारा रोक लगाने के बावजूद विभाग में आदेश जारी कर दिया। अब 7 तारीख को होने वाली अगली पेशी में वकील इस बात को फिर से न्यायालय के सामने प्रस्तुत कर सकते हैं कि न केवल आदेश जारी किया गया है बल्कि कई व्याख्याताओं को नियम विरुद्ध कार्यभार भी ग्रहण कर दिया गया है।

### बिलासपुर के बाद रायगढ़ में भी ज्वाइनिंग

सबसे पहले बिलासपुर जिले के उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान का आदेश वायरल हुआ, जिसके अनुसार संस्था में सौरभ सक्सेना ने प्राचार्य पद पर कार्यभार ग्रहण किया और बकायदा महाविद्यालय से उन्हें इसकी पावती दी गई। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का आदेश सार्वजनिक हुआ, जिसके अनुसार विधि प्रकोष्ठ में कार्यरत व्याख्याता संजय कुमार दुबे ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया। जानकारी यह भी मिल रही कि केवल संजय दुबे ही नहीं बल्कि तीन और व्याख्याताओं ने इसी प्रकार कार्यालय में कार्यभार ग्रहण किया है। इसी प्रकार बलरामपुर रामानुजगंज जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गैना ने वहां कार्यरत व्याख्याता श्याम किशोर जायसवाल को प्राचार्य पद पर कार्यभार ग्रहण कराकर इसकी सूचना जिला शिक्षा अधिकारी को भेजी है।

छग लघु एवं सहायक उद्योग संघ के अध्यक्ष केडिया ने नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

# उद्योग संघ को एक रिसर्च ग्रुप तैयार कर उस पर काम करना चाहिए : अमर




जिला उद्योग संघ के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते नगर विधायक अमर अग्रवाल व मंच पर उपस्थित अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला उद्योग संघ का शपथ ग्रहण समारोह 4 मई को उद्योग भवन सीएम्डी चौक में विधायक अमर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं विधायक धरम लाल कौशिक की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

शपथ ग्रहण अधिकारी छत्तीसगढ़ लघु एवं सहायक उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया ने नव निर्वाचित अध्यक्ष सतीश शाह एवं कार्यकारिणी को उद्योग संघ की निष्ठा की शपथ दिलाई। महासचिव शरद सक्सेना एवं कोषाध्यक्ष राम सुखीजा सहित उपाध्यक्ष, सचिव, कमेटियों के प्रतिनिधियों को शपथ दिलाई गई । मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल ने शहर के विकास पर चिंता जताई और अपने उदगार व्यक्त करते हुए कहा की बिलासपुर की तरक्की हो औद्योगीकरण की गति तेज हो। उद्योग संघ के सदस्यों को रिनुएवल एनेर्जी के उपयोग पर जोर देते हुए कहा की उद्योग संघ को एक रिसर्च ग्रुप तैयार कर उस पर काम करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में बिजली के रेट बहुत ज्यादा है। रिनुएवल एनर्जी जैसे सोलर पॉवर के उपयोग से हम लागत को कम कर सकते हैं। आईटी हब, सोलर प्लांट की स्थापना पर जोर दिया । आरंभ में नव निर्वाचित अध्यक्ष ने अतिथियों का स्वागत किया। 25 वर्ष बाद उद्योग भवन के नवीनीकरण किया गया। इसमें सहयोग करने वाले उद्योगपति का सम्मान किया गया। उद्योग संघ में 3 से ज्यादा सदस्य बनाने वाले साथियों का भी सम्मान किया गया। आभार प्रदर्शन शिव अग्रवाल उपाध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम का संचालन महासचिव शरद सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के मुख्य महाप्रबंधक महेंद्र कुसरे, पी.एस.पट्टा सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

### राज्य के विकास में उद्योगों की अहम भूमिका : कौशिक

इस अवसर पर विधायक धरम लाल कौशिक ने राज्य के विकास में उद्योगों की अहम् भूमिका के साथ छत्तीसगढ़ की नई उद्योग नीति पर चर्चा करते हुए कहा की अत्यंत सरल एवं उद्योगों की हितैषी एवं सुविधाजनक नीति है। स्टार्ट अप स्थापना के साथ ही अन्य राज्यों से भरपूर निवेश राज्य में हो रहा है। जन प्रतिनिधि होने के नाते उद्योग संघ परिवार की तरह है। दोनों मिलाकर बिलासपुर की तरक्की के लिए कार्य करेंगे ।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष अनिल सलूजा,पूर्व अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, अरविन्द गर्ग, चंद्रकांत भट्ट, एसपी चतुर्वेदी, अनिल अग्रवाल, जीतेन्द्र गाँधी, बृजमोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष नवनीत अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल, एनएस राजू, महेश सुल्तानिया, सुनील सुल्तानिया, सचिव अशोक अग्रवाल, योगेश गुप्ता, केसी भरद्वाज, धर्मेन्द्र पटेल, मनीष कश्यप, विष्णु मुरारका, दिनेश शर्मा, शंकर मनचंदा, पूरण लाल सिदारा, किशोर पटेल, प्रकाश त्रिवेदी, रितेश गुप्ता, अमित अग्रवाल, जीवट रोहरा शरद गुप्ता, अमन गुप्ता, ललित पटेल, नितिन श्रीवास्तव, शुभम अडवानी आदि मौजूद थे।

**कांग्रेस की संविधान बचाओ आमसभा**

# नेताओं, विधायकों को दी भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी



**बिलासपुर।** कांग्रेस के प्रदेश स्तर पर बिलासपुर में 8 मई को होने वाले संविधान बचाओ आमसभा के लिए कांग्रेस नेताओं सहित विधायकों को भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संविधान बचाओ आमसभा को लेकर सोमवार को कार्यक्रम प्रभारी विधायक उमेश पटेल व कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव देवेन्द्र यादव ने कांग्रेस भवन में बैठक ली, जिसमें कांग्रेस विधायक समेत सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल हुए।

कांग्रेस भवन की बैठक में कार्यक्रम प्रभारी उमेश पटेल ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने जाति जनगणना की मांग कर रहे थे तो भाजपा के सारे नेता विरोध कर रहे थे पर केन्द्र सरकार राहुल गांधी की मांग को अमलीजामा पहनाने जा रही है जो लोग इसके खिलाफ थे अपनी उपलब्धि बता रहे हैं पर जनता जानती समझती है कि जनता के लिए कौन लड़ाई लड़ता है। गरीबों के अधिकार और विकास के बारे में केवल कांग्रेस पार्टी, हमारे नेता राहुल गांधी सोचते हैं। उन्होंने कहा कि 8 मई को प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट ने संविधान बचाओ आमसभा के लिए बिलासपुर का चयन किया है, जिसमें सभी बड़े नेता शामिल होंगे। बिलासपुर में आमसभा उनके सोच और विचारों के अनुरूप भव्य हो। इसमें विधायक, पूर्व विधायक, पूर्व निगम मंडल, बोर्ड, आयोग, मंडी, जिला सहकारी बैंक, नगरीय निकाय के महापौर, अध्यक्ष, पार्षद, त्रिस्तरीय पंचायत के निर्वाचित सदस्यों को जो टास्क दिया जा रहा है उसे पूरा करना है। उमेश पटेल ने कहा कि आज कांग्रेस को संविधान बचाओ के लिए आंदोलन करने की जरूरत क्यों पड़ रही है। केन्द्रीय एजेंसियां ईडी, सीबीआई, आईटी के ईशारे पर काम कर रहे हैं। एक तरफ चंद लोगों के हितैषी है और दूसरी ओर कांग्रेस जनता के लिए लड़ रही है। लोकसभा प्रत्याशी, राष्ट्रीय सचिव देवेन्द्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित भाजपा शासित राज्यों में दमनकारी सरकारें चल रही है। विपक्ष के नेताओं को झूठे केस में फंसाना, जेल में डाल, उन्हें बदनाम करना, 8 मई को संविधान बचाओ आमसभा उन गरीब जनता को समर्पित है । आज बैठक में शहर अध्यक्ष विजय पांडेय, ग्रामीण अध्यक्ष विजय केशरवानी, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, राष्ट्रीय सचिव देवेन्द्र यादव, इंग्रिड मैक्लाउड, रश्मि सिंह, शैलेष पांडेय, सियाराम कौशिक, पूर्व महापौर राजेश पांडेय, शेख नजरूद्दीन, जावेद मेमन, राजेन्द्र शुक्ला, पंकज सिंह, देवेन्द्र सिंह, नरेन्द्र बोलर, समीर अहमद, ऋषि पांडेय, गीताजंलि कौशिक, सुभाष ठाकुर आदि उपस्थित रहें।

# अधूरी सुविधाएं फिर भी 4 साल में डेढ़ लाख यात्रियों ने की हवाई यात्रा

**बिलासपुर।** अधूरी तैयारियों के साथ ही शुरू की गई बिलासा एयरपोर्ट को 4 साल बीत चुके हैं, इसके बावजूद अबतक 1 लाख 40 हजार 499 यात्रियों ने बिलासा एयरपोर्ट से हवाई यात्रा की है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने आंकड़े जारी किए हैं।

- **हवाई यात्रियों की संख्या पहुंची 1 लाख 40हजार के पार**

दरअसल 1 मार्च 2021 से बिलासा एयरपोर्ट पर व्यवसायिक परिचालन शुरू किया गया है, 49 महीने बीत चुके हैं। यहां से 72 सीटर विमान ही उड़ाई जा रही है और हफ्ते में एक दिन ही विमानन सुविधा है। समिति ने कहा कि बिलासपुर अंबिकापुर की 19 सीटर विमान की गिनती छोड़ दी जाए,



इसके बावजूद रोजाना 50 यात्री उड़ान की सुविधा ले रहे हैं। गर्मी के 4 महीने तापमान अधिक होने पर 60 से अधिक यात्रियों की बुकिंग नहीं ली जाती है। दरअसल रनवे छोटा है और फुल लोड के साथ विमान को टेक ऑफ नहीं कराया जा सकता है। एयरपोर्ट में बुनियादी सुविधाएं जैसे कन्वेयर बेल्ट एरो ब्रिज, टैक्सी सुविधा, कैंटीन नहीं है। बोइंग और एयरबस की सुविधा नहीं है फिर भी यात्री की तादात में कमी नहीं है। एटीआर विमान का परिचालन ही किया जा रहा है, जिसमें यात्रा करने में यात्री बिचकते है, दरअसल यात्रा में समय अधिक लगता है जबकि बोइंग और एयरबस कम समय में दूरी तय करते है। 2300 मीटर रनवे नहीं होने के कारण यहां एयरबस की लैंडिंग नहीं कराई जा सकती है। समिति ने कहा की महानगरों तक सीधी उड़ान के लिए लंबे समय से संघर्ष जारी है, दो दिन दिल्ली और कोलकाता के लिए सीधी उड़ान दी गई है। उसे भी पिछले चार महीना के आंकड़ों बताते हैं कि यात्रियों की संख्या बढ़ी है। जहां दिल्ली में यात्रियों की संख्या 50 से 60 के बीच प्रति उड़ान है। वहीं कोलकाता की उड़ान भी 45 से 50 यात्रियों के साथ आना-जाना कर रही है। यह सीधी उड़ाने सप्ताह में केवल दो-दो दिन है अर्थात यात्री को अपनी सुविधा के दिन का इंतजार करना पड़ता है।

### एयू ने दूसरी बार बढ़ाई सेमेस्टर परीक्षा फार्म की तिथि

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति अंतर्गत सत्र 2024-25 के लिए स्नातक द्वितीय सेमेस्टर के नियमित, स्वाध्यायी परीक्षार्थियों एवं यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग के सभी स्नातक, स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठयक्रमों व विधि संकाय के स्नातक, स्नातकोत्तर सम सेमेस्टर का आनलाइन परीक्षा फार्म भराए जाने की तिथि 15 मई तक बढ़ा दी है। अटल यूनिवर्सिटी द्वारा परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ाए जाने की अधिसूचना सोमवार को जारी कर दी गई है। इसके अनुसार आनलाइन परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित की गई है। छात्र-छात्राओं द्वारा आनलाइन परीक्षा आवेदनों की हार्डकापी, आनलाइन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संबंधित कालेज, यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग में 19 मई तक जमा कराई जाएगी। अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी अंतर्गत विधि संकाय के बीए-एलएलबी, बीकाम-एलएलबी एवं एलएलबी की मई-जून माह में सेमेस्टर परीक्षा होने वाली है। इस सेमेस्टर परीक्षा के लिए आनलाइन परीक्षा फार्म भराया जा रहा है। इसके लिए अटल यूनिवर्सिटी की ओर से पहले 25 अप्रैल की तिथि निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर 5 मई अंतिम तिथि किया गया था। लेकिन छात्रों द्वारा परीक्षा फार्म की तिथि बढ़ाए जाने की मांग की जा रही थी।

# कलेक्टर के साथ अपोलो प्रबंधन की बैठक आज

**बिलासपुर।** पीएम की महत्वकांक्षी आयुष्मान योजना के तहत सरकारी और निजी अस्पतालों में इलाज संभव है, लेकिन अपोलो प्रबंधन मरीजों को सुविधा देने से बचता रहा है। ऐसे में कलेक्टर ने सीएमएचओ को अपोलो प्रबंधन को तलब करने के लिए कहा है। मंगलवार को कलेक्टर की मध्यस्ता में सीएमएचओ और अपोलो प्रबंधन के बीच इस विषय में बैठक रखी गई है।

- **आयुष्मान योजना से इलाज का मामला**

क्षेत्र के लोगों को अपोलो में आयुष्मान योजना के तहत मिलने वाले इलाज से वंचित किया जा रहा है, इसकी शिकायत कई बार कलेक्टर व उच्च अधिकारियों से की गई है, लेकिन इसके बावजूद अपोलो प्रबंधन मरीजों को सुविधा देने से बचता रहा है। सीएमएचओ ने सोमवार को अपोलो प्रबंधन को नोटिस जारी कर दिया है। मंगलवार को कलेक्टर और अपोलो प्रबंधन के बीच बैठक भी प्रस्तावित है, ऐसे में जल्द ही इस मामले में सकारात्मक नतीजा सामने आ सकता है। अपोलो में अत्याधुनिक व बेहतर तकनीक के जरिए मरीजों का इलाज किया जाता रहा है।

### आयुष्मान योजना से जोड़ने कहा गया

कलेक्टर ने अपोलो प्रबंधन से चर्चा कर आयुष्मान योजना से जोड़ने के लिए कहा है। इस संबंध में अपोलो प्रबंधन को बुलाया गया है।

-**डॉ. प्रमोद तिवारी**, सीएमएचओ, स्वास्थ्य विभाग

### सीएमएचओ ने दिया नोटिस

फर्जी कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव द्वारा गलत इलाज की वजह से प्रभाकांत तिवारी की हुई मौत के मामले में सीएमएचओ डॉ. प्रमोद तिवारी ने अपोलो प्रबंधन को नोटिस जारी कर दिया है। इस मामले में भी अगले 7 दिनों के भीतर रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया गया है। बताया जा रहा है कि स्व. प्रभाकांत तिवारी को 23 अक्टूबर 2006 को सांस लेने में हो रही दिक्कत के कारण अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया था। डॉ. नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव ने एंजियोप्लास्टिक की थी, इस दौरान मुख्यमंत्री सहायता कोष से राशि भी दी गई थी, लेकिन 25 मार्च को 2007 को श्री तिवारी की मौत हो गई थी। उनके पुत्र नीलम कुमार तिवारी ने फर्जी डॉ. नरेन्द्र विक्रमादित्य यादव पर गलत इलाज करने का आरोप लगाया है और सीएमएचओ से इसकी शिकायत की है। जिसके बाद सीएमएचओ ने जांच के लिए अपोलो प्रबंधन को नोटिस जारी कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया है।

### बिजली सुधार के लिए नंबर जारी

**बिलासपुर।** तेज गर्मी व आंधी तूफान को देखते हुए एसई पीआर साहू ने बिजली व्यवस्था को लेकर कड़े निर्देश जारी किए है। शिकायत केन्द्रों में तैयारी रखने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने फ्यूज कॉल, कॉल सेंटर को मुस्तैद रहने के लिए कहा है। उपभोक्ता बिजली मितान वाट्सऐप नंबर 9425551912 पर शिकायत कर सकेंगें। इस दौरान फ्यूज कॉल सेंटरों के नंबर भी जारी किए गए है। नेहरू नगर जोन 7089905378, इंदु चौक 8871581532, गोल बाजार 07752403586, कोनी 9425532398, सरकंडा 6232047137 तथा तोरवा क्षेत्र में तोरवा 07752427039, राजकिशोर नगर 07752240033, व्यापार विहार 07752427032, पीजीबीटी लिंक रोड 07752427040 तथा सिरगिट्टी 9407689424 में उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

**मौसम ने बिगाड़ी तबीयत**

# एक ही दिन में सिम्स पहुंचे 16 सौ से अधिक मरीज



**बिलासपुर।** छुट्टी के बाद सिम्स में सोमवार को मरीजों की तादात में जबरदस्त इजाफा देखा गया। सामान्य बीमारी के साथ ही स्किन, एलर्जी और ईएनसी से संबंधित बीमार मरीज ओपीडी में इलाज के लिए पहुंचे। एमआरडी रिकार्ड के अनुसार सोमवार को 1640 मरीजों का पंजीयन किया गया और 135 मरीजों को अलग-अलग विभागों में भर्ती किया गया है।

एकाएक तेज धूप के बाद अचानक हो रही बारिश और तापमान में बदलाव ने लोगों की स्वास्थ्यगत समस्या को बढ़ा दिया है। इस दौरान सामान्य बीमारी कहीं जाने वाले सर्दी, खांसी और बुखार के मरीज सिम्स में पहुंचे, लेकिन इसमें सबसे ज्यादा मरीज गले में खरास और बुखार और हाथ पैर में दर्द की समस्या लेकर डाक्टर से मिले। इसके साथ ही आंख, कान, नाक से संबंधित बीमारियों को लेकर भी 300 से अधिक मरीजों ने डाक्टर की सलाह ली। एमएस डॉ. लखन ने बताया कि इस दौरान स्कीन से संबंधित बीमारी बढ़ी हुई है, इसलिए रोजाना 2 सौ से अधिक मरीज स्कीन विभाग में आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में स्कीन की समस्या आम बात है, लेकिन नमी और उमस भरी गर्मी के चलते यह समस्या बढ़ रही है। साथ ही आंख और नाक में एलर्जी के कारण लोगों को कई तरह की दिक्कतें आ रही है।

### डीन और अधीक्षक ने किया निरीक्षण

सिम्स अस्पताल में डीन डॉ. रमनेश मूर्ति और एमएस डॉ.लखन सिंह ने वार्डों और ओपीडी का निरीक्षण किया। सुबह से ही पंजीयन काउंटर पर भीड़ रही, अधीक्षक ने अन्य विभागों से कर्मचारियों को बुलाकर आभा एप के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कराई। साथ ही वेंटिंग व बैठक व्यवस्था को सुधरवाया।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 6 मई 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



वेकैंसी

## नगर सैनिकों की भर्ती हेतु लिखित परीक्षा के लिए पंजीयन 30 तक

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल (व्यापम) की ओर से नगर सेना अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएं और एसडीआरएफ के अंतर्गत महिला और पुरुष नगर सैनिकों की भर्ती के लिए लिखित भर्ती परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। इच्छुक अभ्यर्थी व्यापम के वेबसाइट पर 30 मई तक आवेदन कर सकते हैं।

### परीक्षा की संभावित तिथि 22 जून तक

व्यापम द्वारा इस परीक्षा के लिए 17 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन लिया जा रहा है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 मई 2025 तक निर्धारित की गई है, परीक्षा की संभावित तिथि 22 जून 2025 है। परीक्षा केन्द्र रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर और अंबिकापुर को बनाया गया है। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए व्यापम के वेबसाइट का अवलोकन कर सकते है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा में 500 पदों पर निकली भर्ती

बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से चपरासी के पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 3 मई से शुरू हो चुकी है जो निर्धारित अंतिम तिथि 23 मई 2025 तक जारी रहेगी। इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी तय तिथियों के अंदर ऑनलाइन माध्यम से बैंक की ऑफिशियल वेबसाइट bankofbaroda.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। इसमें छत्तीसगढ़ में 12 पद हैं। मध्य प्रदेश में 16 पद और महाराष्ट्र में 29 पद है। उम्मीदवारों को 10 वीं पास होने के साथ ही राज्य/ क्षेत्र के अनुसार लोकल भाषा का ज्ञान होना चाहिए। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को ऊपरी उम्र में नियमानुसार छूट दी जाएगी। आयु की गणना 1 मई 2025 को ध्यान में रखकर होगी।

आयोजन

## शिव संकल्प स्वर नाद कार्यक्रम में 8 स्वर रचनाओं का घोष वादन



**बिलासपुर।** पुण्य श्लोक लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर के जन्म की 300 वी जयंती पर राष्ट्र सेविका समिति के मध्यक्षेत्र द्वारा माहेश्वर नर्मदा के घाट पर शिव संकल्प स्वर नाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न रागों से निर्मित 8 स्वर रचनाओं का घोष वादन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्र सेविका समिति की अखिल भारतीय सह कार्यवाहिका सुलभा ताई देशपांडे बिलासपुर ने मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि शिवभक्त अहिल्या बाई की कर्मभूमि पर मां नर्मदा से प्रार्थना है उनके जैसी कर्तव्य दक्षता भारत की प्रत्येक माता, भगिनी में प्रतिबिम्बित हो। कार्यक्रम में वादिकाओं में कक्षा 4 से लेकर गृहणियां भी सम्मिलित हुई। कार्यक्रम में सुश्री रेखा राठौड़, चित्राताई, भाग्यश्री, मनीषा, पूनम, वसुधा, प्राची ताई, तीनों प्रांतों की प्रांत कार्यवाहिका, प्रांत टोली एवं स्थानीय सेविकाओं सहित 150 सेविकाएं उपस्थित रहीं।

**सुलभा देशपाण्डे मुख्य वक्ता के रूप में हुईं शामिल**

शिविर

## शिविर में 60 से अधिक ने किया रक्तदान, स्वास्थ्य परीक्षण भी



**बिलासपुर।** साधु वासवानी मिशन एवं सिंधु कल्चरल एलायंस फोरम ने रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन सिंधी कॉलोनी स्थित पूज्य सिंधी पंचायत भवन में किया। जिसमें लगभग 60 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया और 3 सौ से ज्यादा लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा का वितरण भी किया गया। सिंधु कल्चरल एलायंस फोरम के अध्यक्ष हेमंत कलवानी ने बताया कि साधु वासवानी मिशन की प्रमुख दीदी कृष्णा कुमारी के जन्मदिन के अवसर पर यह शिविर लगाया गया। जिसमें जरूरतमंदों और गंभीर रोगों से जूझ रहे मरीजों के लिए रक्तदान किया गया। लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। शिविर में दांतों के चिकित्सक, त्वचा रोग विशेषज्ञ एवं जनरल मेडिसीन के चिकित्सक ने सेवाएं दी। रक्तदान शिविर का शुभारंभ मिशन की प्रमुख सपना देवी कलवानी, चित्रा देवी पंजवानी, डॉ सुरेश गिडवानी, डॉ रमेश कलवानी, डॉ हेमंत कलवानी, नानक पंजवानी, हरीश भागवानी, पंचायत के अध्यक्ष गोपाल सिधवानी ने किया।

**साधु वासवानी मिशन, सिंधु कल्चरल एलायंस फोरम का संयुक्त आयोजन**

# बैसाखी पर्व पर दिखी संस्कृति की चमक, महिलाओं ने बांधा समां

पंजाबी समाज के पावन पर्व बैसाखी के अवसर पर आदर्श पंजाबी महिला संस्था द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम बैसाखी पिंड दी -रौनका पंजाबीया दी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल बैसाखी पर्व की खुशियों को साझा करना था, बल्कि पंजाबी संस्कृति की जीवंतता को भी प्रस्तुत करना था। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संस्था की सदस्य महिलाओं के साथ-साथ पंजाबी समाज की अनेक महिलाएं और बच्चे शामिल हुए। इस कार्यक्रम में सामाजिक और सांस्कृतिक उत्सव के रूप में इस पर्व की शोभा बढ़ा दी।





**बिलासपुर।** कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए पारंपरिक पंजाबी भांगड़ा और गिद्धा ने सभी का मन मोह लिया। पाँच ग्रुप ने रंगारंग प्रस्तुतियाँ दीं, जिन्हें खूब सराहा गया। इन सभी ग्रुप्स एवं विजेताओ को कार्यक्रम की अध्यक्ष पम्मी गुंबर और संस्थापिका शशि आहूजा द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बिन्नी सलूजा ने बड़े रोचक ढंग से हाऊजी खिलाई। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के गेम्स भी खिलाए गये, जिसमें महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया और विजेता बने। सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। गिद्धा ग्रुप में सुनीता चावला, राशि सकुजा, नेहा छाबड़ा, रिमी छाबड़ा, तरनजीत सलूजा, अनुमेन भाटिया और रुपसी अजमानी ने उत्साहपूर्वक प्रस्तुति दी।

बिट्स दे बलिए ग्रुप में आर्षप्रीत कौर, जसविन कौर, तलविन कौर, गुरलीन कौर, सुप्रीत कौर, रमनदीप कौर और बार्बी छाबड़ा की प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोर टीम कृतांशा गुंबर,अंकिता अजमानी का विशेष सहयोग रहा। रूबी वाधवा, मालती अरोरा, रूबी छाबड़ा, जगदीश सलूजा, रश्मि छाबड़ा, मीना गुम्बर, छाया ठकराल, डेजी वालिया, प्रीति सलूजा, जीत उपवेजा, नीतू सलूजा, स्वीटी खनूजा, रोमी सलूजा सहित अनेक महिलाए उपस्थित थीं।

### बच्चों ने डांस की दी प्रस्तुति

बच्चों के डांस ग्रुप को विभा उपवेजा ने तैयार करवाया। ग्रुप में वैष्णवी उपावेजा, हरगुन कौर, करमन कौर, महक गंभीर, वान्या अजमानी, मेहर राजपाल और रबनूर कौर ने मंच को जीवंत कर दिया। चौथा ग्रुप तेजित कौर गंभीर, दर्शन कौर दुआ, त्रिलोचन उपेजा, दलजीत कौर मक्कड़, रणबीर कौर टुटेजा और बिन्नी सलूजा की प्रस्तुति ने समां बांध दिया। कार्यक्रम की विशेष अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी की धर्मपत्नी कमलजीत कौर सवन्नी रहीं। उन्होंने संस्था की सराहना करते हुए इसे सशक्त और प्रेरणादायक बताया। संस्थापिका शशि आहूजा और अध्यक्ष पम्मी गुंबर ने मोमेंटो देकर उन्हे सम्मानित किया। पम्मी गुंबर के नेतृत्व में कोर टीम ग्रुप द्वारा विशेष पंजाब का खास लोक गिद्धा जाग्गो की प्रस्तुति दी गई।

जीत कर बढ़ाया पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव, क्रिएटीविटी व प्रतिभा से मॉडलिंग की दुनिया में जलवा रखा बरकरार

# दामिनी को मिस इंडिया यूनिवर्स का खिताब



### रह चुकी है मिस छत्तीसगढ़ विनर

एमबीए अंतिम वर्ष की छात्रा दामिनी इससे पहले जनवरी 2025 में मिस छत्तीसगढ़ विनर भी रह चुकी हैं। इस प्रतियोगिता में उनके ट्रेडिशनल ट्राइबल ड्रेस जिसे उन्होंने खुद सुई-धागे से स्टीक किया था, को काफी पसंद किया गया था। इस ड्रेस में आदिवासी संस्कृति की झलक देखने को मिली थी जो कि जजों व दर्शकों का दिल जीत लिया था। उन्होंने बताया कि इस ड्रेस को बनाने मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन से प्रेरित रही। दामिनी प्रोफेशन से फार्मासिस्ट व मेकअप आर्टिस्ट है। मॉडलिंग को अपने जुनून के रूप में देखती हैं और प्राइवेट जॉब के साथ ही मॉडलिंग को भी आगे बढ़ा रही है। तीन ब्राइडल शो में भी विजेता रह चुकी है। अभी हाल ही में उसने मिस इंडिया यूनिवर्स 2025 का खिताब जीतकर अपने नाम एक और बड़ी उपलब्धि दर्ज कर ली है।

**बिलासपुर।** कोई भी बेहतर काम व लक्ष्य प्राप्त करने की जिद हो तो इंसान को सफलता अवश्य मिलती है। करही बाजार की बेटी दामिनी देवांगन की भी प्रोफेशनल रनवे मॉडल बनने, एड व ब्रांड शूट्स करने, किसी प्रतिष्ठित ब्रांड की ब्रांड एंबेसडर बनने का सपना है। अपने इस सपने को पूरा करने सीढ़ी दर सीढ़ी आगे बढ़ भी रही है। उसे अपने इस प्रयास में सफलता भी मिल रही है। अभी हाल ही में गोवा में आयोजित नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट शो में मिस इंडिया यूनिवर्स 2025 का खिताब जीतकर पूरे छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है।

दामिनी ने हरिभूमि लाइव की टीम से चर्चा करते हुए बताया कि शुरू से उनके मन में कुछ क्रिएटिव करने की बात थी। अन्य लोगों को अपने बेहतर काम से मान-सम्मान पाने, उनकी सोशल लाइफ अच्छी देख उन्हें भी जीवन में कुछ अलग करने का शौक था। बड़ी होने पर सुष्मिता सेन को मिस यूनिवर्स का खिताब पाते देख मेरी उत्सुकता और बढ़ गई। इस फील्ड में जाने परिवारजनों व सहेलियों से बीच-बीच में चर्चा होती रही। जिन्होंने मेरी परसनाल्टी देख कर मॉडलिंग में जाने सपोर्ट किया। इससे उसे काफी बल मिला और गोवा में आयोजित नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट शो में भाग लेने ठान ली और वहां मिस इंडिया यूनिवर्स 2025 का खिताब जीत ली। उन्होंने कहा कि यह मेरे जीवन का एक बहुत ही यादगार पल रहा। इस प्रतियोगिता का आयोजन एस.एस. फाउंडेशन भिलाई ने किया। जिसकी ऑर्गेनाइज़र मिसेज शिखा साहू थीं। कार्यक्रम में बॉलीवुड सेलेब्रिटी महक चहल मुख्य अतिथि रहीं। ग्रूमिंग सेशन का नेतृत्व पुणे की ग्रूमर मिसेज पल्लवी कौशिक ने किया। वर्तमान में दामिनी महामाया विहार सरकंडा में रह रही है।



### परिवार का मिलता है सहयोग

एक छोटी उम्र से प्रोफेशनल मॉडलिंग में कदम रखने वाली दामिनी के पिता नारायण देवांगन की पैतृक गांव करही बाजार जो कि बलौदाबाजार जिले में आता है, में फैंसी जनरल स्टोर की दुकान है। माता गृहिणी है। उनके दो छोटे भाई कॉलेज में पढ़ाई कर रहे हैं। वे बताती है कि उसे अपने इस काम में परिवार का पूरा सहयोग मिलता है। दामिनी के पिता ने अपनी बेटी की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उनके परिवार के लिए गौरव की बात है। उम्मीद है कि भविष्य में दामिनी ऊंचाइयों को छूएगी।

### छत्तीसगढ़ी संस्कृति की करना चाहती है प्रचार

दामिनी ने बताया कि उसे छत्तीसगढ़ में रहने का गर्व है। वे मानती है कि हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति बहुत बढ़िया है, इसलिए वह छत्तीसगढ़ी संस्कृति, आदिवासी जनजाति एवं छत्तीसगढ़ी स्वादिष्ट पकवान का किसी राष्ट्रीय मंच से रि-प्रेजेंट करने की इच्छुक है। भविष्य में अवसर मिला तो वह छत्तीसगढ़ी एलबम व मूवी में भी काम करेगी।

## प्राकट्य महोत्सव पर बगलामुखी देवी का अभिषेक, श्रृंगार

श्री पीताम्बरा पीठ त्रिदेव मंदिर सुभाष चौक सरकण्डा में सोमवार को बगलामुखी प्राकट्य महोत्सव मनाया गया। श्री बगलामुखी देवी की अष्टमी में पुष्य नक्षत्र के पावन योग पर श्रीसूक्त षोडश मंत्र द्वारा अभिषेक कर श्रृंगार एवं रात्रिकालीन सहस्त्रार्चन किया गया।

### रात्रि में सहस्त्रार्चन, भक्तों ने किया दर्शन, पूजन

**बिलासपुर।** पीताम्बरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने बताया कि बगलामुखी प्राकट्य महोत्सव पर देवाधिदेव महादेव श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का प्रातः कालीन रुद्राभिषेक, श्री महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती, राजराजेश्वरी त्रिपुरसुंदरी देवी की श्री सूक्त षोडश मंत्र द्वारा अभिषेक, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम, श्री सिद्धिविनायक का पूजन, श्रृंगार के बाद मातारानी को छप्पन भोग लगाया गया। साथी कन्या पूजन किया गया। मंदिर का पट दर्शनार्थ हेतु प्रातः 8 से रात्रि 10 बजे तक खुला रहा। शाम को सायंकालीन आरती की गई। इस अवसर पर हर्षवर्धन अग्रवाल अधिवक्ता, विनोद शुक्ला सहित अन्य श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।



### गौ सेवा आयोग अध्यक्ष ने लिया दर्शन लाभ

छत्तीसगढ़ शासन गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विश्वेश्वर सिंह पटेल ने श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी माता का पूजन अर्चन कर दर्शन लाभ प्राप्त किए एवं माता से कामना की कि देश में शांति, एकता, खुशहाली स्थापित हो। पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज से भी आशीर्वाद प्राप्त किया।

स्पोर्ट्स न्यूज

# सीवीआरयू के खिलाड़ियों ने लहराया विश्व में परचम

**बिलासपुर।** डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय के खिलाड़ी छात्रों ने एक बार फिर पूरे देश में अपनी सफलता का परचम लहराया है ।राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युवाओं ने कराटेऔर कबड्डी में चयनित होकर विश्वविद्यालय को गौरवित किया है। खेलो इंडिया खेलो यूथ गेम्स और साउथ एशियन गेम्स में भाग लेने विद्यार्थी रवाना हो रहे हैं।

विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि बीपीएड के दो स्टूडेंट खेमचंद और मूलचंद ने खेलो इंडिया खेलों कबड्डी में पहुंचकर अपना दमखम दिखाने तैयार हैं। जूनियर नेशनल कबड्डी चैंपियनशिप में टॉप 8 टीम में शामिल होने के बाद छत्तीसगढ़ की टीम बिहार कबड्डी खेलने पहुंची है। इसके पूर्व में जूनियर नेशनल चैंपियनशिप कटक में आयोजित किया गया था। जिसमें चयनित होने के बाद टीम खेलो इंडिया खेलो गेम्स में भाग ले रही है। इसी तरह शारीरिक शिक्षा के छात्र बेंजील एटकिंस ने 13वीं साउथ एशिया कराटे चैंपियनशिप में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। यह प्रतियोगिता 17 और 18 में को मेरठ उत्तर प्रदेश में आयोजित की जाएगी । हमारे छात्र ने भारतीय टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। इसके पूर्व में नेशनल चैंपियनशिप हरियाणा में आयोजित किया गया था। जिसमें बेंजील एटकिंस ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया था।



### वैश्विक के साथ पारंपरिक खेलों को भी बढ़ावा

डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ सर्वांगीण विकास के लिए विश्वविद्यालय संकल्पित है. इंटरनेशनल और नेशनल खेलों के साथ-साथ हम पारंपरिक खेलों पर भी विशेष ध्यान देते हैं। यहां स्थानीय प्रतिभाओं की कमी नहीं है यही कारण है कि ग्रामीण दूरस्थ वनांचल से विद्यार्थी निकालकर खेलो इंडिया खेलो जैसे मंच में पहुंच गए हैं। विश्वविद्यालय में क्रिकेट वॉलीबॉल फुटबॉल तीरंदाजी हॉकी बेसबॉल बैडमिंटन सहित सभी खेलों की विशिष्ट सुविधा उपलब्ध हैं।



## टी20 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता, बिलासपुर पहुंचा सेमीफाइनल में

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर एलीट ग्रुप T20 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बिलासपुर ने अपना तीसरा मैच सेक्टर 10 भिलाई में रायपुर के ब्लू के मध्य खेला गया। जिसमें बिलासपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 142 रन बनाकर आउट हो गया। बिलासपुर की ओर से बल्लेबाजी करते हुए मोहम्मद इरफान ने 44 रन श्रेयम सुंदरम 24 रन और मोहित रावत ने 22 रन का योगदान दिया। रायपुर ब्लू की ओर से मोहम्मद सोहेल ने 4 विकेट और वरुण सिंह भुई ने 4 विकेट प्राप्त किया इसके बाद रायपुर ब्लू ने 143 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 118 रन बना पाई। जिसमें क्वीनूर सिंह ने 23 रन , अवनीश सिंह ने 21 रन और पवनदीप सिंह ने नवाद 21 रन बनाए। बिलासपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए मोहित राउत ने 4 विकेट, मयंक यादव, प्रवीण कुमार यादव , स्नेहिल चड्ढा और अतुल शर्मा ने एक एक विकेट प्राप्त किया और अपना चौथा मैच बीएसपी के मध्य रायपुर के आरडीसीए मैदान खेला। जिसमें बिलासपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 136 से बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। जिसमें अनुराग मिश्रा ने 60 रनों का योगदान दिया श्रेयम सुंदरम ने 20 रन और मोहित रावत ने 17 रनों का योगदान दिया। बीएसपी की ओर से गेंदबाजी करते हुए शुभम मौर्य ने चार विकेट और देव आदित्य सिंह ने तीन विकेट प्राप्त किया। इसके पश्चात बीएसपी ने 137 रनों का लक्ष्य का पीछा करते हुए 5 विकेट खोकर 17.3 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया। बिलासपुर अपना सेमीफाइनल मैच 6 मई को रायपुर के आरडीसीए मैदान में बीएसपी के मध्य खेलने उतरेगी। यह जानकारी सचिव विंटेश अग्रवाल ने दी।

## रेलवे में ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे खेल संघ द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन कोचिंग शिविर का शुभारंभ हो चुका है। इस शिविर का उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों, उनके परिजनों तथा स्थानीय नागरिकों को खेलों के प्रति प्रेरित करना, स्वास्थ्य जीवनशैली को बढ़ावा देना तथा एक मजबूत खेल संस्कृति का निर्माण करना है।

यह शिविर 15 जून तक सेकरसा के खेल परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रतिभागियों को तीरंदाजी, मुक्केबाजी और क्रिकेट जैसे खेलों में प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्य अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा किया जा रहा है। साथ ही, नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट में भी ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हो गया है, जिसमें विभिन्न खेलों और रचनात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसमें विशेष रूप से फुटबॉल, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, मार्शल आर्ट, शतरंज, ड्राइंग, पेंटिंग और एडवांस योगा जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। यह शिविर विद्यार्थियों और युवाओं के लिए सीखने, सशक्त बनने और अपनी प्रतिभा निखारने का सुनहरा अवसर है।

**खेलों एवं रचनात्मक गतिविधियों के लिए सुनहरा अवसर**

## खबर संक्षेप



### अवैध देसी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**पथरिया।** पथरिया पुलिस को 4 मई को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति शराब भट्टी से अधिक मात्रा में शराब लेकर बस स्टैंड पथरिया की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम ने बस स्टैंड के पास घेराबंदी कर आरोपी तुलाराम राजपूत पिता मनहरण राजपूत उम्र 32 वर्ष निवासी छिन्दभोग थाना पथरिया को पकड़ लिया। साथ ही आरोपी के कब्जे से 30 पाव देशी प्लेन शराब कीमती 2 हजार 4 सौ रूपए को जब्त कर धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

### वार्ड 1 से 4 के लिए समाधान शिविर आज

**तखतपुर।** सुशासन तिहार के तहत तखतपुर में 6 से 13 मई तक विभिन्न वार्डो में शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 6 मई को वार्ड 1 से 4 तक के लिए नगरपालिका भवन, 8 मई को वार्ड क्रमांक 5 से 10 राम सदन एवं 13 मई को वार्ड 11 से 15 तक के लिए हाईस्कूल में शिविर आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी सीएमओ अमरेश सिंह ने दी।

### दुपहिया चालक ने मारी पदयात्री को टक्कर, मामला दर्ज

**तखतपुर।** दुपहिया वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क पर पैदल चल रहे व्यक्ति को टक्कर मार दी। मामले की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पाली निवासी स्वतंत्रता कुमार शुक्ला 2 मई को सुबह 9 बजे किराना दुकान से पैदल अपने घर जा रहे थे, इसी दौरान बाइक सीजी 10 डीएक्स 2852 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। घटना की शिकायत थाने में की गई, जिस पर पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ 281, 125ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया।

### बाड़ी में चोरों का धावा हजारों का माल पार

**कोरबा।** रजगामार चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रेमनगर निवासी राकेश कुमार चौहान उम्र 31 वर्ष पिता स्व० रामा चौहान ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि छुईढोड़ा पांचआमा में उसकी बाड़ी है। 2 मई की शाम करीबन 6 बजे अपने बाड़ी को ताला लगाकर अपने घर आया था। 3 मई की सुबह करीबन 7 बजे राकेश अपने बाड़ी गया तो देखा कि बाड़ी के मकान का ताला टूटा हुआ था। मकान का समान छितर बितर पड़ा था। जिसमें पैरा काटने का मशीन का मोटर, सिलिंग फेन, कुलर का मोटर, गिटार, खटिया, दो नग साबर, रांपा, गैती एवं सोलर पैनल का मोटर पंप केबल पैनल एवं बर्तन को चोरी कर ले गए।

## निधन

### सरवन यादव

**बिलासपुर।** मसानगंज निवासी सरवन



यादव का रविवार 4 मई को निधन हो गया। वे 45 के थे। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. रामा यादव के पुत्र, हेमंत, धीरज यादव के पिता थे।

### नूर अहमद


**बिलासपुर।** रेलवे के रिटायर्ड कर्मचारी



भारतीय नगर निवासी नूर अहमद का सोमवार की सुबह निधन हो गया। वे 91 वर्ष के थे। उनका जनाजा सोमवार को ही शाम मगरिब की नमाज के बाद 7 बजे भारतीय नगर से खामोशगंज रहमतबाग कब्रिस्तान के लिए निकाला गया। वहां पर उन्हें सुपुर्देखाक किया गया। वे अनवर कमाल, मुस्तफा कमाल व जमालूनिशा के पिता थे।

### रंजना देवी जायसवाल

**बेलतरा।** ग्राम बेलतरा निवासी रंजना



देवी जयसवाल का 72 वर्ष की उम्र में 4 मई रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बेलतरा में संपन्न हुआ। वे महेंद्र एवं सत्येंद्र जायसवाल की मां थीं।

## टंकी में पानी भरने से लोगों को मिलेगी राहत

# सूखी पड़ी पानी टंकी से पानी सप्लाई की मांग पर नहीं लिया गया संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

दस वर्ष पुरानी सूखी पड़ी पानी टंकी से वार्डवासियों ने पानी सप्लाई की मांग को लेकर सुशासन तिहार के तहत आवेदन भी दिया था, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 4 मिशन कम्पाउंड में दस वर्ष पूर्व लगभग 25 लाख रूपए की लागत से पानी टंकी का निर्माण कराया गया था।

जब पानी टंकी का निर्माण पूरा हुआ तो वार्डवासियों ने सोचा कि अब उस वार्ड की पानी की किल्लत दूर हो जाएगी, परंतु दस वर्ष के बाद भी पानी टंकी खुद पानी के लिए तरस रही है। इस टंकी से जलापूर्ति के लिए वार्डवासीयों ने टंकी का निर्माण पूरा होने के बाद से ही हर बार आवेदन जनप्रतिनिधियों और नगर पालिका में दिया परंतु उस आवेदन पर कोई सुनवाई नहीं हुई। दो माह पूर्व इस पानी टंकी के लिए बोर खनन किया गया, लेकिन पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। इसको लेकर सुशासन तिहार के तहत वार्डवासियों ने आवेदन दिया था, जिस पर एक माह बाद भी कोई संज्ञान नहीं



लिया गया। टेकचंद कारड़ा पूर्व पार्षद ने बताया कि वार्ड 4 में पानी टंकी बने दस साल हो गए हैं। पानी टंकी के भरने से वार्डवासियों को राहत मिलेगी इसके लिए सुशासन तिहार में लिखित में आवेदन दिया गया है, लेकिन नगरपालिका ने इस पर ध्यान नही दिया।

### हर चुनाव में बनता है मुद्दा

नगरपालिका तखतपुर वार्ड 4 में दस साल पहले बनी पानी टंकी में पाइप लाईन जोड़कर वार्ड में पानी सप्लाई करने की मांग हर चुनाव लोकसभा, विधानसभा और नगरपालिका चुनाव में वोट मांगने आए हर जनप्रतिनिधि से वार्डवासी मांग करते आए हैं। इसके बावजूद न तो जनप्रतिनिधि ध्यान देते हैं और न ही विभाग ध्यान देता है।

### शिकायत के बाद भी ध्यान नहीं

सामान्य सभा के अलावा नगरपालिका में कई बार मौखिक रूप से शिकायत करने के बावजूद ध्यान नहीं दिया जा रहा है। अगर एक सप्ताह के भीतर मोटर पम्प नहीं डाला गया तो नगरपालिका का घेराव वार्डवासियों के साथ करूंगा।

- **शैलेंद्र निर्मलकर**, पार्षद वार्ड क्रमांक 4

### शिकायत प्राप्त हुई है

शिकायत प्राप्त हुई है मोटपंप बनने के लिए भेजा गया है।

-**अमरेश सिंह** सीएमओ तखतपुर

# डिप्टी सीएम साव ने की विकास कार्यों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

विधायक व उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने विधानसभा स्तरीय विभिन्न विभागों के अधिकारीव कर्मचारियों की एक समीक्षा बैठक लेकर दिशा निर्देश जारी किए। श्री साव ने विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की और उनकी प्रगति का मूल्यांकन किया। साथ ही उन्होंने निर्माणाधीन कार्यों को बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए 30 जून से पहले पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।

अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों के कार्यों की जानकारी दी और विकास कार्यों को गति देने के लिए चर्चा की गई। बैठक का उद्देश्य लोरमी विधानसभा क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देना और क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करना था। इस अवसर पर अधिकारियों ने श्री साव को क्षेत्र के विकास कार्यों की स्थिति से अवगत कराया। इस बैठक से लोरमी विस क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी और क्षेत्र की समस्याओं का समाधान होगा। समीक्षा बैठक में लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, बिजली विभाग, वन विभाग, अचानकमार टाइगर रिजर्व, जनपद पंचायत, मंडी बोर्ड, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन के जिला पंचायत सीईओ, एसडीएम, और जनपद पंचायत के सीईओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



विकास कार्यों की समीक्षा करते डिप्टी सीएम अरुण साव।

# अकलतरी में धीवर समाज की वार्षिक आमसभा

**बिलासपुर।** ग्राम अकलतरी में धीवर समाज बिलासपुर की वार्षिक आमसभा का आयोजन हुआ, जिसमें 42 गांवों से समाज के लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला रहे, उन्होंने समाज के बच्चों को पढ़ाई और अन्य गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। साथ ही समाज को नशामुक्त रहने और एकजुट होकर आगे बढ़ने की बात कही। उन्होंने सरकार की महतारी वंदन योजना, आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी। श्री शुक्ला ने ग्राम अकलतरी में धीवर समाज के लिए सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की। साथ ही विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि उमेश

- विधायक सुशांत ने समाज को सामुदायिक भवन के लिए दिए 50 लाख



गौरहा ने समाज को एकजुट रहने का संदेश दिया एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने भी समाज को संबोधित किया। कार्यक्रम में जनपद सदस्य सुरेखा मनोज पटेल, जिला पंचायत सदस्य अनुसूइया जागेंद्र कश्यप, मंडल अध्यक्ष मणिदास मानिकपुरी, अध्यक्ष मनीष कौशिक, उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, सहकारी समिति अध्यक्ष सयोंगिता रज्जू कश्यप, वर्तमान सरपंच अरुंधती रामझूल धीवर, पेंडरवा सरपंच प्रतिनिधि राम धीवर और आशीष पटेल मौजूद रहे। समाज के अध्यक्ष राजेंद्र धीवर ने प्रस्ताव भाषण दिया एवं संरक्षक रामझूल धीवर ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष सतीश धीवर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपाध्यक्ष मनराखन धीवर, सचिव पवन धीवर, सह सचिव नारायण धीवर, कोषाध्यक्ष सतीश धीवर, केंद्र अध्यक्ष भगवती धीवर, रामकृष्ण धीवर, राजकुमार धीवर, सचिन धीवर, कुम्भ धीवर, रामफल धीवर, मुरारी धीवर, गोकुल धीवर, रामचरण, जतिन, कामता धीवर, अजय धीवर, गंगाराम, जीतराम, सुकदेव, सुरेंद्र, गणेश धीवर, सुशील, मोहन, राधेश्याम, अभिषेक, सुनील, मनोज, मीना धीवर, सविता धीवर और सुनीता धीवर का विशेष सहयोग रहा।

### खरीफ सीजन के लिए किसानों को बांटा जाएगा सौ करोड़ का ऋण

**कोरबा।** औद्योगिक जिले कोरबा में खेती का पर्याप्त रकबा मौजूद है। अनाज उत्पादक वर्ग की कुल संख्या 1 लाख के आसपास है जो धान के अलावा दूसरी फसले उत्पादित करने में विश्वास रखती है। परंपरागत के साथ उन्नत खेती की तरफ कृषक समुदाय लगातार बढ़ रहा है। सरकार की नीति के अंतर्गत जिला सहकारी केंद्रीय बैंक इस वर्ष किसानों को 100 करोड रुपए का ऋण वितरित करने की तैयारी में है। जबकि पिछले वर्ष यानी 2024 25 में दिए गए कुल ऋण की 95 फीसदी वसूली की जा चुकी है। खेती-बाड़ी से जुड़े कृषक वर्ग को आगे बढ़ाने और उनकी जरूरत को पूरा करने के लिए अलग-अलग प्लेटफार्म पर सुविधा उपलब्ध कराई जा रहे हैं। किसानों को इस बारे में लगातार जागरूक किया जा रहा है। अत्यंत कम दर पर उन्हें वित्तीय सहायता देने के प्रावधान सहकारी बैंक ने बनाए हैं। इसी सिलसिले में खरीफ सीजन वर्ष 2025 के लिए जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित कोरबा ने विभिन्न समितियां में पंजीकृत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से 100 करोड रुपए का ऋण देना निश्चित किया है।

# श्रद्धा एवं भक्ति के साथ निकली भगवान परशुराम की शोभायात्रा



शोभायात्रा में शामिल विप्रजन।

**बिल्हा।** भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा नगर में बड़े ही धूमधाम के साथ निकाली गई। शोभा यात्रा का शुभारंभ शाम पांच बजे हुआ, जो नगर के मुख्य राम मंदिर से निकलकर गंज पारा, अग्रसेन चौक, पानी टंकी चौक, गुरुनानक चौक, रामसप्ताह चौक भ्रमण करते हुए आठ बजे भगवान परशुराम भवन पहुंची। शोभायात्रा मार्ग पर अग्रवाल समाज, सिंधु समाज, पंजाबी समाज के अध्यक्षों व समाज के लोगों द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी की गई थी। शोभायात्रा में विप्र समाज के महिला, पुरुष एवं बुजुर्ग बड़ी संख्या में रहे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अश्वनी शर्मा नप अध्यक्ष भाटापारा व विशिष्ट अतिथि सतीश शर्मा उपाध्यक्ष नप बिल्हा शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्तल शर्मा ब्राम्हण सेवा समिति बिल्हा ने की। मुख्य अतिथि अश्वनी शर्मा ने कहा कि विप्रों को सदा अपनी मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए व समाज में एक दूसरे का साथ देना चाहिए, जिससे समाज को मजबूत बनाया जे सकेगा। विशिष्ट अतिथि सतीश शर्मा ने भी जयंती कार्यक्रम में प्रकाश डालते हुए ब्राम्हणों की एकता को मुख्य बताते हुए एक रहने एवं कमजोर लोगों की मदद करने को कहा। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सत्तल शर्मा ने आने वाले समय में समाज की ओर से जनहित में बड़े आयोजन की बात कही। मंच को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन पंडित धीरज शर्मा, नटवर शर्मा ने किया। कार्यक्रम उपरांत भगवान परशुराम जी की महाआरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शंकर लाल शर्मा, सीताराम शर्मा, शंकर शास्त्री संतोष शर्मा, कैलाश शर्मा, ऋषि गुरुजी, अशोक शर्मा, लक्खू महराज, जुगल शर्मा, देवकरण शर्मा, अनिल शर्मा, उमेश शर्मा के अलावा विशेष रूप से पंडित देवेंद्र शर्मा बबलू, प्रदीप शर्मा, मुकेश शर्मा, सोनू शर्मा, सूरज शर्मा, नीलू शर्मा ,राहुल शर्मा, विक्की शर्मा, अंसुल शर्मा, प्रतीक शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# बरदुली में 15 वर्ष तक के 115 बच्चों को कराया गया स्वर्णप्राशन

**मुंगेली।** पुष्य नक्षत्र के अवसर पर रविवार को श्रीकृष्णा गौ कृषि विज्ञान अनुसंधान संस्थान के तत्वाधान में संस्कृति आर्य गुरुकुलम राजकोट के सहयोग से मंत्रैषधि सुवर्णप्राशन संस्कार कार्यक्रम श्रीकृष्णा गो विज्ञान अनुसंधान बरदुली में आयोजित किया गया। इस अवसर पर 15 वर्ष तक के 115 बच्चों को निशुल्क मंत्रैषधि स्वर्णप्राशन संस्कार करवाया गया।

संस्थान के संचालक योगेश साहू ने बताया कि इस अवसर पर जहरमुक्त उत्पाद एवं हमारी दिनचर्या विषय पर संगोष्ठी आयोजित किया गया एवं जैविक उत्पादों की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया। आने वाले समय में संस्थान की ओर से घर-घर तक जहरमुक्त उत्पादों के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान की ओर से पंचगव्य से निर्मित धूपबत्ती, गोनाईल, मच्छर रोधी क्वाईल, नस्य औषधि एवं अन्य गो आधारित नित्य उपयोगी उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय किया




गया। कार्यक्रम में विहिप जिलाध्यक्ष दिनेश सोनी, विहिप जिला मंत्री यशवंत सिंह परिहार, पद्मराज सिंह, दीपक सोनकर, विश्वास महोबिया, संदीप ताम्रकार, आकाश सोनी, मिलींद मोदीकर आदि ने भागीदारी निभाई।

# ट्रक ने खड़े ट्रेलर को मारी टक्कर, जिंदा जला चालक

**कोरबा।** एक तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क में ब्रेकडाउन हालत में खड़े ट्रेलर को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयानक थी कि चंद मिनटों में दोनों वाहनों में आग लग गई। इस हादसे में एक ट्रेलर का ड्राइवर केबिन में फंसकर जिंदा जल गया जबकि दूसरे ट्रेलर का चालक घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग को काबू किया गया लेकिन तब तक दोनों वाहन पूरी तरह से जल चुके थे।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र के काशीनगर कबीरनगर गली निवासी परमेश्वर मांझी 43 वर्ष पिता देवकरण मांझी टीपी नगर से ट्रक क्रमांक सीजी 12 बीआर 4971 को लेकर कोयला लोड करने के लिए रविवार-सोमवार की दरमियानी रात ट्रक रानीअटारी खदान जा रहा था। रात लगभग 3 बजे वह गेरवाघाट पुल के आगे पहुंचा था कि तेज रफ्तार ट्रक सड़क किनारे ब्रेकडाउन हालत में खड़े ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 एवाय 0315 से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों में आग लग गई और दोनों ट्रकों में टक्कर होने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग अपने घरों से बाहर आए तो देखा कि दोनों वाहन आग की लपटों में घिरे हुए थे। आग इतनी भयंकर थी कि स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू नहीं पाया जा सकता था और स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व दमकल टीम को दी। दमकल वाहन की टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक ट्रक व ट्रेलर जल चुके थे।



### एक घंटे तक जाम

हादसा होने के बाद मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी, जिसके उपरांत सुबह लगभग 8 बजे दर्री पुलिस की टीम क्रेन लेकर मौके पर पहुंची। दोनों जले हुए ट्रक व ट्रेलर को सड़क किनारे कराया गया। इस दौरान लगभग 1 घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही।

# गतिअवरोधक पर बाइक उछलने से सड़क पर गिरी महिला की मौत



**पथरिया।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सोमवार को बाइक में बैठकर जा रही एक महिला की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पुलिस ने शिकायत पर बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी रघुवीर सिंह चंद्रा ने बताया कि ग्राम डाडगांव निवासी प्यारी बाई चतुर्वेदी पति स्व खोरबहरा उम्र 46 वर्ष अपने गांव के एक व्यक्ति के साथ बाइक सीजी 28 बी 6146 पर बैठकर ग्राम गधीर्वाडीह जा रही थी। बाइक चालक बलदाऊ तेज रफ्तार में गाड़ी चला रहा था, इसी दौरान ग्राम खपरी पुलिया के पास बने गतिअवरोधक पर बाइक उछली और महिला सड़क पर जा गिरी। हादसे में महिला के सिर एंव नाक हाथ मे गंभीर चोट आई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महिला के बेटे चंद्रभान की शिकायत पर बाइक चालक बलदाऊ अहिरे निवासी डाडगांव सिंह के खिलाफ सड़क हादसे की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

# काटोल स्टेशन पर होगा छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का स्टापेज

**बिलासपुर।** रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए कोरबा से अमृतसर के बीच चलने वाली अप-डाउन छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का नागपुर रेल मंडल के काटोल रेलवे स्टेशन में स्टापेज देने का आदेश दिया है। इसके साथ ही गोंदिया से छत्रपति साहू महाराज टर्मिनस कोल्हापुर-गोंदिया एक्सप्रेस का मध्य रेलवे के पुणे मंडल के पुणतांबा रेलवे स्टेशन में प्रायोगिक ठहराव 11 अक्टूबर से छह माह के लिए दिया गया था था। यात्रियों की सुविधा और जनप्रतिनिधियों की मांग को देखते हुए इन दोनों गाड़ियों के प्रायोगिक ठहराव को आगामी आदेश तक विस्तारित कर दिया है।



# वाहन चालक समन शुल्क अपने मोबाइल से ही जमा करें

**बिलासपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल के नेतृत्व में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। नागरिकों को वाहन चालन के दौरान किसी भी तरीके का यातायात नियमों का उल्लंघन नहीं करने सख्त हिदायत देने के साथ अपील भी की जा रही है। वाहन चालक अपना समन शुल्क अपने मोबाइल से ही जमा करे। एसएसपी श्री सिंह ने बताया कि शहर के प्रमुख चौक चौराहे और मार्गो में लगे इंटीग्रेटेड ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम (आईटीएमएस) के तहत लगभग 550 से अधिक कैमरों से यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर ऑनलाइन तरीके से मॉनिटरिंग की जा रही है जिसके द्वारा उल्लंघन कर्ताओं को ट्रैकिंग करते हुए ऑनलाइन चालान को एसएमएस के माध्यम से वाहन चालन उल्लंघन कर्ताओं के मोबाइल में सेंड किया जाता है। त्वरित शाफ्ट कॉपी की चालान को पोस्ट ऑफिस डिपार्टमेंट में आई टी एम एस के माध्यम से ऑटोमेटिक भेज दी जाती है। जहां से उल्लंघन कर्ता के मुख्य पते पर हार्ड कॉपी के रूप में चालान उसके घर भेज दी जाती है। ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत 7 दिवस के अंदर उक्त चालान की राशि ऑनलाइन माध्यम से जमा नहीं करने पर उक्त चालान की कॉपी निर्धारित समयावधि में न्यायालय स्वत ऑनलाइन माध्यम से चली जाती है। इसके पश्चात न्यायालय द्वारा समन जारी करते हुए संबंधित वाहन चालक का न्यायालय में उक्त यातायात नियमों का उल्लघन पर सुनवाई नियमित चलती है। इस दौरान उल्लंघन कर्ता वाहन चालक न्यायालय कार्रवाई में उपस्थित नहीं होता है उस स्थिति में उक्त चालान की कॉपी स्वतः ही सड़क परिवहन कार्यालय (आरटीओ) ऑफिस चली जाती है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 24/04/2025

प्रति, 1. आवेदक संजय जैन पिता स्व. इन्द्रसेन जैन आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. श्रीमती पुनम मिश्रा पति एस.के. मिश्रा सा. केन्द्रीय विद्यालय दिनदयाल उपाध्याय रामपुर 3. माधुरी कश्यप पति रामसजीवन कश्यप आ. दयालबंद 4. सूरज कुमार काठले पिता विष्णु प्रसाद सा. लोरमी अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।

विषय :- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह./ ना.तह./ वा. 2024 बिलासपुर, दिनांक 21/03/2025

ग्राम मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 2207/44 रकबा 0.05 एकड़ हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक संजय जैन निवासी मोपका के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 07/05/2025 को समय 10:00 से 05.00 के बीच किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र/क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर, दिनांक 05.05.2025

प्रति, 1. लक्ष्मीकांत बंजारा 2. शिव गढ़ेवाल 3. भोला गढ़ेवाल 4. विमला राय 5. मनीष कनेर 6. परमेश्वर 7. देवप्रसाद (समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/ आवेदक के बताए अनुसार)

विषय :- सीमांकन में उपस्थित होने बावत।

संदर्भ :- न्यायलय तहसीलदार का ज्ञापन क्र./ क/तह./वाचक/2025, बिलासपुर दिनांक 28.04.25

आवेदक लक्ष्मीकांत बंजारा निवासी जरहाभाठा द्वारा ग्राम जरहाभाठा प.ह.नं. 38 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 124/49 रकबा 0.0110 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 13.05.25 को समय 12 PM-5PM बजे किया जायेगा। अत: आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यत: उपस्थित होवें। अनुस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी। टीप: 1. आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2. विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक**
**जूना बिलासपुर (छ.ग.)**

# पटेल समाज के नए सामाजिक भवन का भूमिपूजन

**मुंगेली।** ग्राम देवरी में मरार पटेल समाज के नए सामाजिक भवन का भूमिपूजन हुआ। कार्यक्रम जनपद सदस्य भुवन पटेल, सरपंच प्रतिनिधि नीलम पटेल, उप सरपंच प्रभुजीत सिंह छाबड़ा, समाज के अन्य प्रमुख पदाधिकारी सुखी राम पटेल, डॉ प्रमोद पटेल, वेदराम पटेल, सनत पटेल, परमानंद पटेल, पूर्व सरपंच जीत ध्रुव, अनिल कुमार पटेल, जोगु पटेल, महेंद्र पटेल आदि की उपस्थिति में विधायक पुन्नूलाल मोहले की ओर से घोषित पटेल समाज के 12 लाख की लागत से बनने वाले भवन का भूमिपूजन संपन्न हुआ।



भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल सामाजिकजन।

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

## खबर संक्षेप

### 60 पाव अवैध देसी शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**लालपुर।** थाना लालपुर एवं साइबर सेल को मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम कंतेली धान मंडी के पास आदतन बदमाश सुरेश साहू उर्फ सिंघम शराब का अवैध परिवहन कर रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर आरोपी को धर दबोचा एवं उसके कब्जे से 60 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब कीमती 5 हजार 2 सौ रूपए जब्त कर लिया। मामले में आरोपी सुरेश साहू पिता बीपत साहू उम्र 40 वर्ष निवासी कोयलारी थाना लालपुर के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। आरोपी सुरेश साहू के विरूद्ध पूर्व में भी अनेकों आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिसमें अवैध शराब बिक्री, लूट, मारपीट, गृह अतिचार जैसे प्रकरण शामिल हैं। साथ ही आरोपी के विरुद्ध जिला बदर की अनुशंसा भी की जा चुकी है।

### राजपूत समाज ने पीड़ित परिवार को दिया नकद एवं चावल



**लोरमी।** ग्राम झाफल निवासी रवि सिंह राजपूत के पुत्र बलराम सिंह की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाने पर उनके क्रिया-कर्म के लिए राजपूत युवा मोर्चा की ओर से 21हजार 9 सौ 86 रुपए नकद एवं 2 सौ 20 किलोग्राम चावल का सहयोग किया गया। इस अवसर पर राजपूत युवा मोर्चा अध्यक्ष संजय सिंह, सुदर्शन सिंह, पूनम सिंह, ह्दय सिंह, नंदकुमार सिंह, अनिल सिंह, कुश सिंह, जीतराम, अमित सिंह , जित्तू भाई, नर्मदानंद सिंह, अखिलेश सिंह, भोला सिंह, देवदत्त सिंह, निलेश सिंह, भीम सिंह, छत्रपाल नानू, बसंत सिंह, महावीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### हैप्पीनेस प्रोग्राम में प्रतिभागियों ने सीखा योग एवं ध्यान



**लोरमी।** नगर में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार की ओर से राकेश तिवारी के निवास में आयोजित हैप्पीनेस कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन में शामिल हुए प्रतिभागियों को योग, ध्यान, प्राणायाम, सुदर्शन क्रिया, ज्ञान सूत्र व सेवा के कार्य सिखाए गए। प्रशिक्षक हरजिंदर छाबड़ा ने बताया कि सभी प्रतिभागियों का अनुभव बहुत अच्छा रहा। प्रतिभागियों ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि योग, ध्यान, प्राणायाम व सुदर्शन क्रिया से मन के अंदर के तनाव से मुक्ति मिली एवं मन एकदम शांत हुआ। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन हम अपनी साधना व सुदर्शन क्रिया का अभ्यास करेंगे, तो निश्चित रूप से यह हमें शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक लाभ मिलेगा। इस कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सत्संग का आयोजन भी किया। आयोजन को सफल बनाने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के सभी वालंटियर सक्रिय रहे।

### ब्रह्माकुमारीज भवन कोटमीसुनार में डॉ रतन दादी को दी गई श्रद्धांजलि



**मस्तूरी।** ब्रह्माकुमारीज प्रभु अनुराग भवन में कोटमीसुनार, अकलतरी, मधवा, पोड़ी के संस्थान से जुड़े नियमित साधकों ने पूर्व प्रशासिका डॉ रतन मोहिनी दादी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी शशि प्रभा ने दादी की विशेषताओं व सेवाओं को याद करते हुए उनके आध्यात्मिक जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। ब्रह्माकुमारी शशि प्रभा ने कहा कि ज्ञान सागर की गहराइयों में प्रगति करने वाली प्रकृति के पांच तत्वों को अपने वशकर परमात्मा के ज्ञान रतन को अपने में धारण कर समाज के हर वर्ग की प्रेरणा स्त्रोत, आध्यात्मिक पद चिन्ह बनाने की नायिका आदरणीय दादी जी को हम सभी का शत-शत नमन।

### अल्फा पब्लिक स्कूल परिसर में विद्यार्थी सीख रहे लाइफ स्किल्स



**मुंगेली।** अभिभावकों एवं विद्यार्थियों की फर्स्ट चॉइस सीबीएसई एफिलिएटेड अल्फा पब्लिक स्कूल परिसर में विद्यार्थी अपने समय का सदुपयोग करते हुए लाइफ स्किल्स सीख रहें हैं। अनुभवी ट्रेनर्स के मार्गदर्शन में बच्चे आनंदित होकर स्वीमिंग, हॉर्स राइडिंग, स्केटिंग, ताइक्वांडो, अबैकस, स्कैचिंग एवं पेंटिंग, डांसिंग, फुटबॉल एवं क्रिकेट की स्किल सीख रहें है। अल्फा एवं आसपास के सभी विद्यार्थियों को बिना किसी भेदभाव के इसमें भाग लेने का सुनहरा अवसर अल्फा पब्लिक स्कूल प्रदान कर रहा है।

### लोगों को आवेदनों के निराकरण के संबंध में दी गई जानकारी

# एक ही जगह में सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थितः धरम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

सुशासन तिहार के ग्राम दौना में तृतीय चरण के तहत जिले का पहला समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान आवेदकों को उनके आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल सहित प्रशासनिक अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया और प्राप्त आवेदनों व उसके निराकरण की जानकारी ली तथा योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

- ग्राम दौना में जिले के पहले समाधान शिविर का आयोजन
- समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने जिला प्रशासन प्रतिबद्ध : कलेक्टर

शिविर में पुलिस एवं होम गार्ड, कौशल विभाग एवं सहकारिता, रोजगार एवं नियोजन, सहकार से समृद्धि, शिक्षा, आदिमजाति कल्याण, अंत्यावसायी, खाद्य, श्रम, उद्योग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, कृषि एवं उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, अग्रणी बैंक एवं आधार कार्ड, आवेदन निराकरण सहायता केंद्र, क्रेडा एवं विद्युत विभाग, लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, पंजीयन काउंटर सहित विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। शिविर में विधायक एवं कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की चिरायु योजना से लाभान्वित दो बच्चों राधिका भास्कर उम्र 10 वर्ष और अमन भास्कर 8 वर्ष का पुष्पमाला पहना कर स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इसी तरह महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत दो बच्चों का अन्नप्राशन तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कर उन्हें सुपोषण टोकरी प्रदान की गई। शिविर में आधार व आयुष्मान कार्ड पंजीयन के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा निशुल्क जांच व दवाई का वितरण किया गया। शिविर में ग्राम चंदली, झुलनाकला, परसिया, पकरिया, बदरा ठा, सकेत, बिरकोनी, अण्डा, टिकैतपेण्ड्री, रामबोड़, धमनी और मोहदी आदि 13 गांवों से हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। बिल्हा विधायक कौशिक ने कहा कि आज जिले का पहला शिविर ग्राम दौना में आयोजित किया गया है। यह खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि यदि हम अलग–अलग विभाग में



हितग्राही को आइस बॉक्स प्रदान करते अतिथि।

अपने समस्याओं एवं मांगों के समाधान के लिए जाएं, तो कम से कम 10 दिन लगेंगे, लेकिन यहां एक ही जगह में सभी विभाग के जिला अधिकारी उपस्थित हैं। आप सभी शिविर का लाभ अवश्य उठाएं। उन्होंने कहा कि शासन की ओर से कई जनकल्याणकरी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रूपए दिया जा रहा है। 21 क्विंटल प्रति एकड़ व 3100 रूपए प्रति क्विंटल के मान से धान का एकमुश्त पैसा दिया गया। श्री कौशिक ने बताया कि सरगांव से सकेत तक सड़क पास हो गई है, बरसात के बाद काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने महिलाओं से संवाद कर महतारी वंदन योजना के अंतर्गत अब तक मिले किश्तों की राशि और उनके उपयोग के बारे में पूछा। इस दौरान संतोषी डहरिया ने बताया कि महतारी वंदन योजना के पैसे से सुकन्या समृद्धि योजना के तहत खाता खुलवाकर अपनी बेटियों के नाम से जमा कर रही हैं। इसी तरह सुनीता बघेल और पुष्पलता गेंदले ने बताया कि योजना के रूपए से सिलाई मशीन लेकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। कई महिलाओं ने घरेलू काम में खर्च करने तथा कई महिलाओं ने अपने दवाई में खर्च की बात बताई। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप शासन की योजनाओं को पारदर्शी ढंग से आम जनता तक पहुंचाने एवं पात्र व्यक्तियों को समयबद्ध लाभ दिलाने के उद्देश्य से जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। शिविर के दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों को गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने और अपने घर व चौक-चौराहों तथा गांव को साफ-सुथरा रखने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जिले को स्वच्छ बनाना उनकी प्राथमिकता में है। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत दौना में सड़क किनारे गंदगी दिखने पर विकासखंड समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन को नोटिस जारी करने, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को पकरिया में बोर खनन कार्य एवं झुलनाकापा में जल जीवन मिशन क्रियान्वित करने, सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में अधिकारी-कर्मचारियों को कार्यालयीन समय पर उपस्थित रहने, ग्राम पंचायतों में नवनिर्वाचित सरपंचों को प्रभार सौंपने हेतु एक्शन लेने के निर्देश दिए। उन्होंने समाधान शिविर में सभी विभागों को विभागीय योजना से संबंधित योजनाओं के प्रचार–प्रसार हेतु पर्याप्त संख्या में फ्लैक्स–बैनर लगाने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों को बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा एक ऐसी माध्यम है, जिससे कोई भी व्यक्ति उच्च पदों तक जा सकता है। जिले के बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए स्कूलों का लगातार निरीक्षण किया जाएगा, आईआईटी, नीट जैसे परीक्षाओं की तैयारी के लिए जिले में ही प्रयास किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के निराकरण के बाद आज से तीसरा चरण संवाद से समाधान का शुरू हो रहा है। आप लोग की जो भी मांग एवं शिकायत है तो उसे दे सकते हैं और अपने आवेदन के निराकरण की जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों को शिविर का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की।

जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने समाधान शिविर का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि शिविर में 13 ग्राम पंचायतों से 4 हजार 7 सौ 16 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 4 हजार 6 सौ 63 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। सबसे ज्यादा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं शौचालय के आवेदन है। इस दौरान अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, अपर कलेक्टर जीएल यादव, एसडीएम बीआर ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी, जिला पंचायत सदस्य अंबालिका साहू, जनपद पंचायत पथरिया अध्यक्ष चित्ररेखा जांगड़े, अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में आमलोग मौजूद रहे।

#### हितग्राहियों को किया गया लाभान्वित

समाधान शिविर में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इनमें शिक्षा विभाग ने 4 दिव्यांगों को श्रवण यंत्र, एमआर किट एवं ट्रायसायकल, मछली पालन विभाग ने 2 लोगों को जाल व आईस बॉक्स, समाज कल्याण विभाग ने 14 लोगों को पेंशन राशि, खाद्य विभाग ने 8 लोगों को राशनकार्ड प्रदान किया। इसी तरह कृषि विभाग की ओर से 4 लोगों को पावर स्पेयर, महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत 8 लोगों को जॉब कार्ड, स्वास्थ्य विभाग की ओर से 5 लोगों को आयुष्मान कार्ड व वय वंदना कार्ड एवं आरटीओ विभाग ने 6 लोगों को लर्निंग लायसेंस प्रदान किया।

#### इन्हें मिला लाभ

पकरिया ग्राम के मनहरण साहू ने बताया कि पेंशन दिलाने के लिए सुशासन तिहार में आवेदन दिया था। लगभग 8 दिनों बाद ही उनके आवेदन का निराकरण कर उन्हें पेंशन प्रदान किया गया। इसी तरह संतकुमार गेंदले ने उनके आवेदन का निराकरण होने, पथरिया के कोमल भारद्वाज व छेदूराम साहू ने पशु शेड की स्वीकृति मिलने, ग्राम बदरा ठा के मोहरदास कुर्रे ने नक्शा, बटांकन कर नई पर्ची बनने, जय बूढ़ादेव मछुआरा सहकारी समिति ग्राम अंडा के सदस्य सीताराम कौशिक ने मछली पालन विभाग से आईस बॉक्स मिलने पर और ग्राम मोहदी के महेन्द्र डहरिया ने मछली जाल मिलने पर खुशी व्यक्त कर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया। समाधान शिविर के दौरान ग्रामीणों में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला।

## कलेक्टर की उपस्थिति में दी गई आवेदनों के निराकरण की जानकारी

**गौरेला।** सुशासन तिहार के तीसरे चरण का पहला समाधान शिविर सोमवार को गौरेला के वनांचल क्षेत्र के कलस्टर ग्राम पंचायत बस्ती में आयोजित किया गया। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी, जिला पंचायत अध्यक्ष समीरा पैकरा एवं जनपद अध्यक्ष गौरेला शिवनाथ बघेल सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की उपस्थिति में सात पंचायतों के ग्रामीणों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी गई।

समाधान शिविर में सभी विभागों के जिला, अनुविभाग एवं खंड स्तरीय अधिकारी अपने विभागीय स्टाल के साथ उपस्थित रहे। विभागीय अधिकारियों ने बारी-बारी से मंच पर आकर उनके विभाग से संबंधित प्राप्त कुल आवेदनों की संख्या, आवेदक का नाम, निराकृत आवेदनों एवं खारिज किए गए आवेदनों की विस्तार से जानकारी दी। इस समाधान शिविर में बस्ती, बगरा, टीकरखुर्द, आमगांव, पुटा, लमना एवं कोटमीखुर्द पंचायतों के ग्रामीणों से कुल 8 सौ 63 आवेदन प्राप्त होने और उनके निराकरण की स्थिति से अवगत कराया गया। ग्रामीणों की मांग से संबंधित आवेदनों में मुख्य रूप से पीएम आवास, वन अधिकार पत्र, फौती, बटवारा, नामांतरण, अहाता निर्माण, नवीन आंगनबाड़ी केन्द्र, महतारी वंदन योजना का लाभ, मुर्गी पालन, बकरी पालन, मनरेगा के तहत भूमि सुधार, कुआं, डबरी, पशु शेड, सीसी रोड, मिट्टी-मुरूम रोड, नाली, पुलिया आदि मांगें शामिल हैं।

कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का मैदानी स्तर पर



प्रभावी क्रियान्वयन एवं हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने तीन चरणों में सुशासन तिहार मनाया जा रहा है। सुशासन तिहार के तीसरे चरण में समाधान शिविर लगाकर आवेदकों को उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि 25 आवेदन फौती से संबंधित हैं, जिसका प्रकरण दर्ज कर लिया गया है एवं ईश्तहार प्रकाशन के बाद इनका निराकरण हो जाएगा। बकरी पालन, मुर्गी पालन के लिए जिले को लक्ष्य प्राप्त होते हुए पात्रता अनुसार लाभान्वित किया जाएगा। आवास के लिए सर्वे चल रहा है, इसका भी निराकरण हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सीसी रोड, सड़क, पुलिया आदि कार्यों को जिले की कार्य योजना में शामिल कर रहे हैं। उन्होंने समाधान शिविरों में अधिक से अधिक ग्रामीणों को उपस्थित होकर अपने आवेदन के बारे में जानकारी प्राप्त करने आग्रह किया।

जिपं अध्यक्ष समीरा पैकरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के तहत हर व्यक्ति, हर गरीब, हर किसान को योजना का लाभ मिल रहा है एवं हर गांव की समस्या का समाधान भी हो रहा है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य ने सुशासन तिहार के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों एवं द्वितीय चरण में किए गए निराकरण की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोगों से प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। इस समाधान शिविर में आवेदनों के निराकरण से असंतुष्ट एक भी हितग्राही सामने नहीं आया है। शिविर में एसडीएम पेंड्रारोड ऋचा चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य पवन पैकरा, कलस्टर में शामिल सभी पंचायतों के सरपंच, नागरिक लालजी यादव, बृजलाल सिंह राठौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सेतगंगा में आज पहुंचेंगे अफसर, सुनेंगे समस्याएं

**मुंगेली।** सुशासन तिहार के तहत तृतीय चरण में समाधान शिविर मंगलवार 6 मई को मुंगेली ब्लॉक के ग्राम सेतगंगा में आयोजित होगा। शिविर में सेतगंगा, बीजातराई, सिंगारपुर, विचारपुर, राजपुर, नागोपहरी, सेमरकोना, बोदा, तरवरपुर, सिल्ली, हरियरपुर, दाबो, केशलीकला और सिपाही सहित कुल 14 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है।

जनपद पंचायत सीईओ राजीव तिवारी ने बताया कि सभी ग्राम पंचायतों के लोग अपनी मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही नए आवेदन भी प्रस्तुत कर सकते हैं।




जनपद पंचायत कार्यालय मुंगेली।

## ग्राम पंचायत बरतोरी में समाधान शिविर का आयोजन

**बिल्हा।** जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरतोरी में दिनांक सोमवार 5 मई को शुशासन तिहार के तहत समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक धरमलाल कौशिक उपस्थित रहे।

शिविर में उर्मिला बाई, शांतनु कुर्मी, रूपौतीन, अशोक कुमार वर्मा को पूर्ण आवास प्रमाण पत्र एवं सरोजिनी कुमारी, मयाराम खुसरो, पुनेश्वरी पटेल, सुनीता यादव, राजेश्वरी को राशन कार्ड प्रदान किया गया। इसी तरह अजय ध्रुव, रोहित दास, भुवनेश्वरी, काशीराम यादव को विधायक धरमलाल कौशिक ने जॉब कार्ड प्रदान किया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जनपद अध्यक्ष डॉ



रामकुमार कौशिक, जिला पंचायत सभापति गोविन्द राम यादव, जनपद उपाध्यक्ष विक्रम सिंह ठाकुर, सरपंच अमरिका नेताम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर में कुल प्राप्त 4 हजार 2 सौ 36 आवेदनों का निराकरण किया गया। इस दौरान जरूरतमंदों को स्वास्थ विभाग की ओर से चिकित्सा सामग्री, कृषि विभाग की ओर से स्प्रेयर, खाद्य विभाग की ओर से राशन कार्ड एवं जनपद पंचायत की ओर से जॉब कार्ड तथा आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

### विद्युत वितरण केंद्र का घेराव कर जड़ा ताला

# विद्युत विभाग की लापरवाही से सड़क पर उतरे आक्रोशित नगरवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

विद्युत विभाग की लापरवाही और अनदेखी से आक्रोशित सरगांव नगरवासी आखिरकार सोमवार को सड़क पर उतरने को मजबूर हो गए। नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद साहू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोगों ने विद्युत वितरण केंद्र का घेराव कर ताला जड़ दिया।

दोपहर 10 बजे से भीषण गर्मी में प्रदर्शन कर रहे नागरिकों के बीच कोई भी जिम्मेदार अधिकारी न तो उपस्थित हुआ और न ही फोन उठाया गया। नगरवासियों की मांग है कि विद्युत वितरण केंद्र की स्थिति में सुधार हो, कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की कर जवाबदेही तय की जाए, अन्यथा आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है।



बिजली आफिस के बाहर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

#### संपर्कहीन अधिकारियों का बंद रहे फोन

बताया गया कि जेई संदीप मानिकपुरी और डीई अंशु वासने सहित केंद्र के अधिकतर कर्मचारियों के मोबाइल बंद हैं। नगरवासी और जनप्रतिनिधि समस्या लेकर भटक रहे हैं, लेकिन चर्चा के लिए कोई भी अधिकारी उपलब्ध नहीं है। इससे जनता में भारी नाराजगी व्याप्त है।

**नशे में लिप्त कर्मचारी करते हैं टालमटोलः** नगरवासियों ने आरोप लगाया कि विभाग के कई कर्मचारी कार्य स्थल पर नशे की हालत में रहते हैं। एक तो ये फोन नहीं उठाते और यदि कभी बात होती भी है तो गोलमोल जवाब देकर पल्ला झाड़ लेते हैं। तकनीकी समस्या होने पर समय पर समाधान तो दूर कर्मचारी मौके पर पहुंचने की स्थिति में भी नहीं रहते। अब विभाग की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समस्याओं को लेकर बार-बार संपर्क करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी न तो जवाब देते हैं और न ही समाधान के लिए सामने आते हैं। यह जनता के साथ सीधी अनदेखी है।
**- परमानंद साहू**, नगर पंचायत अध्यक्ष

## श्रीमद् देवी भागवत में महिषासुर शुंभ-निशुंभ व चक्रमुंड वध की कथा



**मस्तूरी।** ग्राम खैरा जयरामनगर में आयोजित श्रीमद देवी भागवत कथा में सोमवार को महिषासुर, शुंभ-निशुंभ एवं चक्रमुंड राक्षस के वध की कथा सुनाते हुए महराज उर्वशी नंद ने कहा कि देवताओं के आह्वान पर मां सप्तश्रृंगी ने इसी पर्वत के ऊपर महिषासुर का वध किया था।

भागवत पुराण के अनुसार महिषासुर का वध करने के लिए सभी देवताओं ने मिलकर अपने अस्त्र-शस्त्र सप्तश्रृंगी देवी को दिए थे। साथ ही शुंभ-निशुंभ वध की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि शुम्भ-निशुम्भ दो असुर भाई थे, जिन्होंने स्वर्ग पर अधिकार कर लिया था। देवी कौशिकी ने देवताओं को इन असुरों से मुक्त कराने के लिए इनको सेना समेत नष्ट कर दिया था। श्रीमद देवी भागवत कथा के मुख्य यजमान हरिश्चंद्र साहू-शैलेन्द्री साहू, रामभरोस साहू-सुनीता साहू, प्रेमचंद साहू-राममति साहू, सुभाष-संतोषी साहू, परदेशी-नंदनी साहू के कुशल सानिध्य में आयोजित हो रहा है। इस दौरान उर्वशी नंद महाराज ने विधायक दिलीप लहरिया, यातायात डीएसपी संजय कुमार साहू, ब्यास नारायण-वैशाली साहू, भुवनेश्वर जयसवाल, नरेन्द्र शर्मा, सुखविंदर चावला, थान सिंह पटेल, नरोत्तम लाल यादव, तिहारू यादव, घुनव्वा साहू, श्रीबाई साहू, सेतकुमारी पटेल, प्रमिला साहू, सुरेखा यादव, मालती साहू, जानकी साहू, समेमति पाल सहित प्रभात फेरी मंडली खैरा के सभी महिला सदस्यों एवं ग्रामीणों को श्रीराम दुप्पटा से सम्मानित किया। कथा के पश्चात प्रभात फेरी मंडली खैरा ने भजन-कीर्तन का गायन किया। इसके बाद सभी ग्रामवासियों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## खबर संक्षेप

### बाइक से पर्स लूटने की कोशिश, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** बाइकर्स ने झपट्टा माकर बाइक सवार एक महिला के हाथ से पर्स लूटने की कोशिश की। जिससे महिला गिरकर घायल हो गई है। इधर पर्स नहीं लूटपाने पर बाइकर्स भाग गए थे। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है। कोनी टीआई किशोर केंवट ने बताया, 1 मई को मदनपुर निवासी विजय साहू अपनी पत्नी के साथ काम से बिलासपुर आए थे। काम निपटाने के बाद दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। मोहतराई के पास पीछे से बाइक सवार दो युवक आए और झपट्टा मारकर उनके पत्नी के हाथ से पर्स लूटने की कोशिश की। पर्स को बचाने के फेर में उनकी पत्नी पत्नी चलती बाइक से गिरकर घायल हो गई और बाइक सवार युवक रतनपुर की ओर भाग गए। श्री साहू ने घायल पत्नी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 5 मई को कोनी पुलिस ने श्री साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात बाइक सवार युवकों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### ठेकेदार से 94 हजार की आनलाइन ठगी

**बिलासपुर।** ठेकेदर से 94 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार,नंदन विहार कालोनी निवासी ठेकेदार नेमीचंद कुमावत के मोबाइल में अनजान नम्बर से फोन आया और अलग अलग काम के लिए अलग अलग बटन दबाने के लिए कहा गया। उनके द्वारा बटन दबाने पर उनके बैंक खाते से 89 हजार 999 रुपए ट्रांसफर हो गया। उसके बाद फिर से फोन कर अलग अलग बटन दबाने को कहा गया। मोबाइल का बटन दबाने पर दूसरी बार उनके बैंक खाते से 4 हजार 999 रुपए ट्रांसफर हो गया है। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

### अफसर भी कन्फ्यूज, सबकी होगी ट्रेनिंग, फिर लागू होगा सिस्टम

# अभी बिलासपुर में नहीं होगी जमीनों की आटोमेटेड मोड में रजिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

आटोमेटेड मोड के अंतर्गत रजिस्ट्री के तत्काल बाद जमीन का नामांतरण नए मालिक के नाम पर हो जाने का मामला फिलहाल अधर में है। सोमवार से नई प्रक्रिया के अंतर्गत जिले में रजिस्ट्री प्रारंभ हो जाने की उम्मीद थी, लेकिन इस संबंध में शासन से अब तक कोई स्पष्ट आदेश नहीं मिल पाने के कारण पंजीयन विभाग खुद कंफ्यूज़ है।

■ शासन से अब तक नहीं मिला स्पष्ट आदेश

जमीन की रजिस्ट्री वाले दिन ही नए मालिकों के नाम पर जमीन के नामांतरण का मामला फिलहाल अटक गया। प्रदेश में तीन मई को इसकी विधिवत शुरूआत होने के बाद सोमवार से बिलासपुर जिले में भी इसके प्रभावशील होने की संभावना जाहिर की गई थी, लेकिन इस संबंध में शासन से किसी भी तरह का कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हो पाने के कारण यह नहीं हो सका। कुछ जिलों में रजिस्ट्री के दौरान भू-स्वामी का अधिकार अभिलेख प्राप्त कर रजिस्ट्री होने की भी सूचना मिली है। इधर बिलासपुर जिले में भी पटवारियों द्वारा भुइंयां पोर्टल को भी यदि अपडेट रखा गया होता तो भी काफी कुछ मदद मिल जाती। इधर जिले में सोमवार को पंजीयन विभाग में जमीन की रजिस्ट्री के लिए पहुंचे लोगों का उत्साह कुछ खास नजर आया। वे जमीन की रजिस्ट्री के बाद आज ही अपने नाम का खसरा, बी-वन नकल की प्राप्त हो जाने की उम्मीद में थे। इस संबंध में वे लगातार पंजीयन विभाग के अधिकारियों से सवाल-जवाब करते दिखाई दिए, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिल सका, लिहाजा वे पुरानी प्रक्रिया के तहत ही जमीन की रजिस्ट्री करवाकर वापस लौट गए।




### नामांतरण के लिए राजस्व विभाग की कोई जरूरत नहीं होगी

आटोमेटेड मोड में रजिस्ट्री के बाद नामांतरण के लिए राजस्व विभाग की कोई जरूरत नहीं पड़ेगी। इस संबंध में डीआईजी पंजीयन उषा साहू ने बताया कि किसी भी जमीन की रजिस्ट्री होने के बाद पंजीयन विभाग अपने ही कार्यालय में नामांतरण की प्रक्रिया के लिए एक स्टेप आगे बढ़ाएगा और सिर्फ एक क्लिक में ही नए भू-स्वामी के नाम से खसरा व बी-वन जनरेट हो जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में राजस्व विभाग के किसी भी अमले की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्री का आटोमेटेड मोड पायलट प्रोजेक्ट के रूप में फिलहाल नया रायपुर, आरंग व बलौदाबाजार में काम कर रहा है। इस नई प्रक्रिया में इन जगहों पर आई किसी भी तरह की खामियों का न केवल पता लगाया जा रहा है, बल्कि इसका तत्काल निराकरण भी किया जा रहा है। यह पूरी तरह सफल हो जाने के बाद पंजीयन विभाग के अमले को इसकी विधिवत दस से पंद्रह दिनों की ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि प्रदेश के किसी भी जिले में नई प्रक्रिया के अंतर्गत रजिस्ट्री व नामांतरण में कोई दिक्कत न आए।

### पुरानी पद्धति से हो रही रजिस्ट्री

आटोमेटेड मोड से रजिस्ट्री के लिए शासन से किसी भी तरह के कोई दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हैं, जिससे नई प्रक्रिया किस तरह की होगी इसके बारे में कुछ नहीं बताया जा सकता। फिलहाल पुरानी पद्धति से ही जिले में रजिसट्रियां हो रहीं हैं।

**-आरके स्वर्णकार**
जिला पंजीयक,
पंजीयन विभाग

# कोयले से भरा ट्रेलर डिवाइडर पर चढ़ा माजदा को मारी टक्कर, एक की मौत



कोरबा से रतनपुर की ओर आ रहा था। दर्रीपारा नेशनल हाइवे में ट्रेलर के सामने का टायर फट गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

टायर फटने से कोयले से भरा ट्रेलर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया और रांग साइड में जाकर माजदा वाहन को टक्कर मारकर पलट गया। हादसे में माजदा ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बीच सड़क पर कोयले से भरा ट्रेलर पलटने से 4 घंटे के लिए आवागमन बाधित रहा।

■ रतनपुर दर्रीपारा नेशनल हाइवे में हुआ हादसा

रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, 5 मई को ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीएच, 9420 का ड्राइवर कोयला लेकर कोरबा से रतनपुर की ओर आ रहा था। सुबह 6.30 बजे दर्रीपारा नेशनल हाइवे में ट्रेलर के सामने का टायर फट गया। गाड़ी की रफ्तार तेज होने से ट्रेलर के ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और गाड़ी डिवाइडर के ऊपर चढ़ कर रांग साइड में जाकर बिलासपुर की ओर आ रहे माजदा क्रमांक आरजे 19 डीई, 7245 को जोरदार टक्कर मारकर पलट गया और कोयला पूरे सड़क में फैल गया। इस हादसे में माजदा ड्राइवर राजस्थान जोतपुर निवासी श्यामलाल राव पिता युंबा राव 48 साल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दोनों गाड़ी में सवार ट्रेलर के ड्राइवर सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए रतनपुर अस्पताल में भर्ती कराया है।

### एक पखवाड़े में सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत

- 30 अप्रैल सिरगिट्टी ब्रिज तखतपुर ढनढन निवासी कृपाराम विश्वकर्मा
- 25 अप्रैल भारतीयनगर चौक सरकण्डा बघवा मंदिर निवासी अविनाश दुबे
- 24 अप्रैल रतनपुर गहलोद ढाबा के पास मेलनाडीह निवासी अनिश ध्रुव
- 22 अप्रैल एसबीआर कालेज फ्लाई ओवरबिज में चिंगराजपारा निवासी जुगरू केंवट
- 17 अप्रैल बेलगहना बरभाठा निवासी तिल बाई
- 14 अप्रैल मैग्नेटा मॉल के पास तालापारा सांई मंदिर निवासी अंजू टण्डन





### चार घण्टे आवागमन बाधित

ट्रेलर पलटने से कोयला पूरी सड़क पर फैल गया। जिसके कारण एक साइड आवागमन बाधित हो गया और वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने हाइड्रा की मदद से दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर को किनारे किया और सड़क पर फैले कोयले को उठाया। इस दौरान 4 घण्टे बाद आवागमन सामान्य हो पाया है।

### ड्यूटी जा रहे टीआई ने घायलों को भेजा

हादसे के दौरान रतनपुर टीआई श्री चौहान ड्यूटी पर कोरबा जा रहे थे। उन्होंने गाड़ी रोककर ट्रेलर में फंसे ड्राइवर सहित चार लोगों को बाहर निकाला। दुर्घटना में ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया था और एक व्यक्ति का पैर टूट गया था। उन्होंने तत्काल डायल 112 को बुलाकर घायलों को रतनपुर अस्पताल भेजा। उसके बाद कोरबा के लिए रवाना हुए।

### 12 दिन में दूसरी मौत

ज्ञात हो कि 24 अप्रैल को रतनपुर नेशनल हाइवे में गहलोद ढाबा के पास डिवाइडर में लगे पेड़ में पानी डालने टैंकर की टोटी खोलते समय पीछे से ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी थी। हादसे में मेलनाडीह निवासी अनिश ध्रुव की मौत हो गई। उसके बाद 5 मई को रतनपुर नेशनल हाइवे दर्रीपारा में ट्रेलर की टक्कर से माजदा के ड्राइवर की मौत हो गई है।

# जमीन विवाद में दो भाईयों के बीच जमकर मारपीट, वीडियो वायरल

**बिलासपुर।** जमीन में कब्जा को लेकर दो भाईयों के परिवार के बीच जमकर मारपीट हो गई है। सोशल मीडिया में मारपीट की वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर दोनों भाईयों को गिरफ्तार कर पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया है।

तारबाहर टीआई कृष्णचंद्र सिदार ने बताया, इंदिरा कालोनी निवासी राकेश मसीह पिता बिलसन मसीह ने रिपोर्ट लिखाई कि एक दिन पहले तूफान आने से उनके घर का छप्पर, बांस सहित गिर गया था। 5 मई की सुबह वह घर में साफ सफाई कर रहे थे। इसी दौरान उनका भाई नवीन मसीह, उसकी पत्नी सरिता आई और घर की सफाई क्यों कर रहे हो कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए जमकर मारपीट की है। जिससे उनके सिर व हाथ में चोट आई। दूसरे पक्ष से नवीन मसीह ने आरोप लगाया है कि 4 मई को दोपहर 3 बजे खाना खाने घर आए थे। इसी दौरान उनका बड़ा भाई राकेश मसीह, भाभी एमलीना मसीह, भतीजा अविनाश उर्फ बट्टू मसीह, उनकी बेटी अनुष्का उनके घर के दरवाजा को तोड़कर सामान बाहर फेंक रहे थे। उन्होंने मना किया तो बोल रहे थे ये हमारा जमीन है हम यहां घर बनवाएंगे बोलकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किए और चापड़ निकालकर मारने की धमकी दिए। उनकी मां ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट किया गया है। दोनों पक्ष की मारपीट की वीडियो सोशल मीडिया में जोरों से वायरल हो रही है। पुलिस ने राकेश मसीह की रिपोर्ट पर नवीन मसीह, सरिता मसीह के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 333,351, 2 व नवीन मसीह की रिपोर्ट पर राकेश मसीह, एललीना मसीह, अविनाश उर्फ बट्टू, अनुष्का के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



# मगरपारा से लेकर भारतीय नगर चौक तक चला निगम का अभियान

**बिलासपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने नगर निगम और पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को मगरपारा से लेकर भारतीय नगर चौक तक अभियान चलाया। इस दौरान दुकानों से बाहर निकाले गए शेड और चबूतरे तोड़े गए। इसके साथ ही दुकानदारों द्वारा बना लिए बाउंड्री और सीढ़ियों पर भी बुलडोजर चलाया गया।

■ दुकानों से बाहर निकाले गए शेड और चबूतरे तोड़े गए

सड़क में रखे दुकानों के सामान को भी जब्त किया गया। साथ ही चौक में अवैध रूप से संचालित हो रहे ठेला व गुमटियों को हटाते हुए सामानों की जब्ती की गई। निगम ने दुकानदारों को सामान बाहर नहीं रखने की चेतावनी दी है। सोमवार की सुबह से निगम का अतिक्रमण दस्ता फिर से सक्रिय हो गया। अतिक्रमण टीम ने मगरपारा चौक से कार्यवाही को शुरू की गई और सड़क पर दुकान लगाने वालों को सामान जब्त करना शुरू कर दिया। इसके बाद मगरपारा चौक के पास से अतिक्रमण हटाया गया। साथ ही इस दौरान सभी दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि सड़क के दायरे से बाहर दुकान लगाए, अन्यथा अगले बार भी सामान के साथ ठेला व गुमटी जब्त करने की कार्यवाही की जाएगी। अतिक्रमण शाखा प्रभारी प्रमिल शर्मा ने जानकारी दी कि आने वाले दिनों में कार्यवाही जारी रहेगी। निगम का यह अभियान भारतीय नगर चौक तक चला। इस दौरान कुछ दुकानदारों ने स्वयं से सामान भी हटाया। इसके साथ ही नगर निगम की टीम ने शहर की अन्य सड़कों के तहत पुराना बस स्टैंड चौक, तारबाहर चौक, श्रीकांत वर्मा मार्ग के साथ ही सरकंडा मुख्य मार्ग में भी कार्रवाई की।







नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।







### कमीशन में बिहार पैसा भेजने का दिया झांसा

# कागज का बंडल थमाकर 50 हजार लेकर भागे दो युवक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बैंक में पैसा जमा करने गए एक युवक को कमीशन में बिहार पैसा भेजने के झांसा देकर दो युवक कागज की बंडल थमा कर 50 हजार रुपए लेकर भाग गए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने बताया, लोखंडी निवासी अभिषेक पटेल पिता रामचन्द्र पटेल 27 साल 5 मई को दोपहर 1 बजे मंगला चौक स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा 50 हजार रुपए लेकर जमा करने गए थे। इसी दौरान उनके पास खड़े दो युवक आपस में बिहार पैसा भेजने की बात कर रहे थे। दोनों युवक उसे उसके बैंक खाते से बाई पोस्ट 2 लाख रुपए बिहार भेजने की बात कहते हुए 20 हजार रुपए कमीशन देने की बात कहीं। कमीशन के लालच में आकर अभिषेक अपने बैंक खाते से बिहार पैसा भेजने के लिए तैयार हो गया। दोनों युवकों ने उसे बातों में उलझाकर थैले में 2 लाख रुपए थमाते हुए 50 हजार रुपए मांगे। उनकी बातों में आकर अभिषेक जमा करने आए 50 हजार रुपए दे दिया। उसके बाद दोनों युवक कुछ देर में आ रहे कहते हुए पैसा लेकर चले गए। काफी समय तक दोनों युवक नहीं आए तो उन्होने थैला खोलकर देखे तो दोनों बंडल के उपर नीचे 500, 500 के नोट लगे थे और नीचे कागज का बंडल भरा हुआ था। उसके पैरो तले जमीन खिसक गई। उसने बैंक के आसपास दोनों युवकों की तलाश की, किन्तु वह नहीं मिले। अभिषेक पटेल ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस बैंक जाकर पूछताछ कर सीसीटीवी फुटेज खंगालकर युवकों के पतासाजी में जुट गई है।



■ मंगला चौक बैंक ऑफ बड़ौदा में हुई वारदात

पुलिस ने श्री पटेल की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### महिला से जेवर ठगी करने वालों का सुराग नहीं

ज्ञात हो कि 19 अप्रैल को शुभम विहार बाबजी रेसीडेंसी निवासी हेमलता भोंसले को अज्ञात 3 लोग घर छोड़ने का झांसा देकर आटो से बृहस्पतिबाजार बीआर यादव गार्डन में ले जाकर नशीला पानी पिलाकर कीमती 8 तोला वजनी सोने के 4 चूडी, चेन, अंगूठी व 6 हजार रुपए नकद लेकर भाग गए थे। पुलिस ने एक पखवाड़ा बाद भी ठगबाजों का सुराग नहीं लगा पाई है।